+91 7014373732
marudharnews.com
info@marudharnews.com
खबरों और विज्ञापन हेतु संपर्क करें
हिन्दुस्तान की नई आवाज

# मरुधर हिन्द

CIN NO.- U74999RJ2020PTC067985
UN NO.- RJ02D0022186
मरुधर हिन्द अब एक नए अंदाज में



वर्ष : 03 | अंक : 178 | जयपुर, मंगलवार 2 अगस्त 2022 | कुल पेज : 6

### पिछले साल से 28प्रतिशत बढ़ा जीएसटी कलेक्शन

## जुलाई में जीएसटी से मिले 1.49 लाख करोड़ रुपए

### मार्च 2022 के बाद से जीएसटी 1.40 लाख करोड़ के ऊपर

**नई दिल्ली।** जीएसटी कलेक्शन जुलाई में बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एक साल पहले की तुलना में ये 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। जुलाई 2021 में जीएसटी कलेक्शन 1.16 करोड़ रुपए रहा था। वहीं जून यह 1.45 लाख करोड़ रुपए रहा था। अब तक का सबसे बड़ा जीएसटी कलेक्शन अप्रैल महीने में रहा था। जुलाई का कलेक्शन दूसरा बड़ा जीएसटी केलक्शन है। मार्च के बाद से जीएसटी 1.40 लाख करोड़ के स्तर से ऊपर बना हुआ है। जुलाई में सीजीएसटी 25,751 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 32,807 करोड़ रुपए, जबकि आईजीएसटी 79,518 करोड़ रुपए और सेस 10,920 रुपए था। इससे पहले जून में सीजीएसटी 25,306 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 32,406 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 75,887 करोड़ रुपए और जीएसटी कंपनसेशन सेस 11,018 करोड़ रुपए रहा था। मई में सीजीएसटी 25,036 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 32,001 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 73,345 करोड़ रुपए और सेस 10,502 करोड़ रुपए था। जीएसटी लागू होने के बाद यह छठवीं बार और मार्च 2022 से लगातार पांचवीं बार है जब जीएसटी कलेक्शन 1.40 लाख करोड़ रुपए के पार रहा है।




#### अप्रैल में बना था जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड

अप्रैल 2022 में ऐसा पहली बार हुआ था जब जीएसटी कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया था। अप्रैल में ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू 1,67,540 करोड़ रुपए दर्ज किया गया था। इसमें सीजीएसटी 33,159 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 41,793 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 81,939 करोड़ रुपए और सेस 10,649 करोड़ रुपए था।

#### जीएसटी कलेक्शन में ये राज्य रहे सबसे अव्वल

जून 2022 में जीएसटी कलेक्शन के लिहाज से टॉप-5 राज्यों में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। महाराष्ट्र में जीएसटी कलेक्शन पिछले साल की तुलना में 17 प्रतिशत बढ़कर 22,129 करोड़ रुपए रहा। इस लिस्ट में कर्नाटक 9,795 करोड़ के कलेक्शन के साथ दूसरे और गुजरात 9,183 करोड़ के कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है।

### आईएएस सुधांश पत को 3 महीने में दिखाए 3 विभाग

## 7 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस के ट्रांसफर, केके पाठक फायनेंस सेक्रेट्री

**जयपुर।**

राजस्थान सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 7 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अफसरों के तबादले किए हैं। कार्मिक विभाग ने बीती देर रात तबादला आदेश निकाले। पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड चेयरमैन सुधांश पंत का 3 महीने बाद ही फिर से तबादला कर दिया गया है। उन्हें हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, जयपुर का DG और ACS ट्रेनिंग,राजस्थान की पोस्ट पर लगाया गया है। इससे पहले 13 अप्रैल को जलदाय विभाग के ACS पद से उनका ट्रांसफर पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड में किया गया था। विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा के निशाने पर आने के बाद उन्हें हटाया गया था। जलदाय, पॉल्युशन कंट्रोल और अब HCM रीपा में ट्रांसफर के बाद सियासी चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि उनका अगला डिपार्टमेंट कौनसा होगा। ब्यूरोक्रेसी में सीनियर IAS अफसर के बार-बार तबादले की जबरदस्त चर्चाएं हैं।



कृष्णकांत पाठक को ग्रामीण विकास विभाग से हटाकर फायनेंस (रेवेन्यु) डिपार्टमेंट में सेक्रेट्री की पोस्ट दी गई है। मंजू राजपाल को स्टेट मिशन डायरेक्टर लाइवलीहुड से हटाकर ग्रामीण विकास विभाग का सेक्रेट्री बनाया गया है। डॉ जोगाराम को स्वायत्त शासन विभाग (DLB) के साथ ही RUIDP का प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी बना दिया गया है। कुमार पाल गौतम का तबादला RUIDP प्रोजेक्ट डायरेक्टर पोस्ट से एक्साइज डिपार्टमेंट एंड डायरेक्टर, प्रोहिबिशन ऑफ एल्कोहल,जयपुर पोस्ट पर किया गया है। करण सिंह ट्रांसफर देवस्थान डिपार्टमेंट के कमिश्नर पोस्ट से स्पेशल सेक्रेट्री, हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट राजस्थान,जयपुर पोस्ट पर किया है। नम्रता वृषनी को जॉइंट CEO राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की जगह जॉइंट सेक्रेट्री, फायनेंस (टैक्स) डिपार्टमेंट,जयपुर की पोस्ट पर लगाया गया है। IAS टी.रविकांत को CMD राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड और राजस्थान रिन्युएबल एनर्जी कॉर्पोरेशन जयपुर के चेयरमैन के साथ ही राजस्थान पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड में चेयरमैन पोस्ट का एडिशनल चार्ज भी सौंपा गया है।

#### परम ज्योति डीआईजी इंटेलीजेंस, योगेश दाधीच एसओजी जयपुर के एसपी बने

कार्मिक विभाग ने 4 आईपीएस अफसरों के भी तबादले किए हैं। डीआईजी होमगार्ड जयपुर परम ज्योति का तबादला डीआईजी इंटेलीजेंस राजस्थान, जयपुर पोस्ट पर किया गया है। एसीबी के SP-I योगेश दाधीच को एसओजी जयपुर में एसपी लगाया गया है। आरएएस तीसरी बटालियन बीकानेर के कमांडेंट देवेन्द्र कुमार बिश्नोई को एसीबी बीकानेर में एसपी की पोस्टिंग दी गई है। एसीबी जयपुर में एसपी आलोक श्रीवास्तव को कोटा में एसीबी का एसपी लगाया गया है।

प्रदेश सरकार ने 7 आईएफएस (इंडियन फॉरेस्ट सर्विस) अफसरों के भी तबादले किए हैं। मुनीश कुमार गर्ग को प्रिंसिपल चीफ फॉरेस्ट कंजर्वेटर, डवलपमेंट-वर्क प्लानिंग एंड वन बंदोबस्त,जयपुर पोस्ट पर लगाया गया है। अरिजीत बनर्जी को प्रिंसिपल चीफ फॉरेस्ट कंजर्वेटर एडमिनिस्ट्रेशन, जयपुर एंड प्रोजेक्ट डायरेक्टर आरएफबीपी-2, जयपुर पोस्ट पर लगाया गया है। महेश चन्द गुप्ता को फॉरेस्ट कंजर्वेटर, मॉनिटरिंग एंड इवेल्युएशन पोस्ट पर ट्रांसफर किया गया है। सुनील को डिप्टी फॉरेस्ट कंजर्वेटर, अजमेर पोस्ट पर भेजा गया है। महेन्द्र कुमार शर्मा को डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर, राजस्थान फॉरेस्ट्री एंड बायो डायवर्सिटी प्रोजेक्ट-2 पोस्ट पर लगाया गया है।

### कोविड की तरह अब बाढ़-आपदा में मैनेजमेंट

## जयपुर में एरिया वाइज लगाए 22 इंसीडेंट कमांडर; दूध-राशन का इंतजाम करने से लेकर पुनर्वास करवाने तक की रहेगी

**जयपुर।** कोविड के समय जिस तरह एरिया वाइज जिस तरह लोगों की खाने-पीने से लेकर अन्य जरूरी मदद करने और व्यवस्थाओं को मैनेज करने का काम किया था, उसी तर्ज पर अब बाढ़ या अतिवृष्टि में लोगों की मदद के लिए काम किया जाएगा। इसके लिए जयपुर जिले में कलेक्टर ने आपदा-राहत प्रबंधन के तहत एरियावाइज 22 इंसीडेंट कमांडर लगाए है। इनका काम बाढ़ प्रभावित एरिया में दूध-राशन, दवाईयों का इंतजाम करने से लेकर लोगों के पुनर्वास और एरिया में भरे बरसाती पानी निकासी तक है। ऐसा पहली बार होगा जब इस तरह से बाढ़ राहत बचाव के लिए इंसीडेंट कमांडर नियुक्त किए गए हो।



कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित की ओर से जारी आदेशों में इन इंसीडेंट कमांडर में आरएएस, आईपीएस ऑफिसर शामिल है। हर टीम में एक आरएएस और एक आरपीएस है, जिसे 2 से लेकर 4 थाना एरिया की जिम्मेदारी दी है। ये टीम लोकल लेवल पर मदद के लिए स्थानीय थाना पुलिस, नगर निगम, जेडीए से कॉर्डिनेट करके अपने एरिया में अतिवृष्टि या बाढ़ की स्थिति में राहत-बचाव के लिए काम करेगी।

#### ये रहेगी जिम्मेदारी

जयपुर नगर निगम ग्रेटर, हैरिटेज और जयपुर जेडीए से कॉर्डिनेट करके बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए राहत बचाव का काम करवाना। बाढ़ में रेस्क्यू व पानी निकासी समेत अन्य कार्यो के लिए संसाधनों की व्यवस्था रखना। किसी भी क्षेत्र में पानी का भराव ज्यादा होता है तो वहां से पानी की निकासी करवाना और संबंधित एरिया में आवागमन और वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करवाना। बाढ़ प्रभावित वाले इलाकों और आसपास के एरिया में स्कूल, आश्रय स्थल, सामुदायिक भवन को पुनर्वास भवन के तौर पर चिह्नित करके उनको तैयार रखना।

### पश्चिम बंगाल में 10 कांवड़ियों की मौत, जनरेटर के तार से पिकअप में दौड़ा करंट, जल चढ़ाने जा रहे थे; 16 झुलसे

**बंगाल।** पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में पिकअप में करंट आ जाने से 10 कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि 16 बुरी तरह झुलस गए। इन्हें इलाज के लिए जलपाईगुड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा देर रात मेखलीगंज थाना क्षेत्र के धारला ब्रिज पर हुआ। 27 कांवड़िये पिकअप पर बैठकर जलपेश के शिव मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि पिकअप के पीछे ही डीजे बज रहा था। जनरेटर के वायर में शॉर्ट सर्किट होने से पिकअप में करंट पहुंच गया।



पिकअप में करंट आते ही ड्राइवर भाग निकला। वह करंट की चपेट में नहीं आया था। सीताकुची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में ले लिया है। हादसा इतना दर्दनाक था कि एक झटके में 10 कांवड़ियों की मौत हो गई। वे एक-एक कर पिकअप से नीचे गिरे। जब तक लोग कुछ समझ पाते, हादसा हो चुका था। घायल कांवड़ियों की हालत ठीक बताई जा रही है।

माताभंगा के एएसपी अमित वर्मा के मुताबिक, रविवार रात करीब 12 बजे हादसा हुआ। पिकअप जलपेश जा रहा था। हादसे में घायल हुए कांवड़ियों को पहले पास के चंगरबंधा अस्पताल ले जाया गया था, यहां से 16 की हालत गंभीर होने पर जलपाईगुड़ी के अस्पताल रेफर किया गया। सभी लोग सीतलकुची थाना एरिया के रहने वाले हैं। एएसपी ने बताया कि ड्राइवर को ढूंढ़ा जा रहा है, ताकि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके। अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा रहा है।

### राष्ट्रपति मुर्मू के समर्थन में उपराष्ट्रपति उम्मीदवार मार्गरेट अल्वाः कहा- राष्ट्रपति चुनाव में वोटर होती तो मुर्मू को ही वोट देती

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष की ओर से चुनाव मैदान में उतरीं मार्गरेट अल्वा का कहना है कि राष्ट्रपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मू इतनी अच्छी प्रत्याशी थीं कि अगर इस चुनाव में मतदान का उनको हक होता तो वह मुर्मू को ही वोट देतीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी को चुनकर देश ने आदिवासी समाज को आवाज दी है।

उनको हमेशा हकों के लिए लड़ना पड़ा है। करीब 30 साल सांसद, केंद्रीय मंत्री और राज्यपाल रह चुकीं अल्वा ने भास्कर को दिए इंटरव्यू में कहा कि देश के सामने पहली महिला उपराष्ट्रपति चुनने का ऐतिहासिक अवसर आया है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 6 अगस्त को होना है। जिस तरह लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर भारी मतदान किया, वैसा ही समर्थन वे उपराष्ट्रपति चुनाव में दक्षिण की एक महिला के पक्ष में करेंगे।

## जबलपुर में खाक हुआ निजी अस्पताल, 8 मरीजों की मौत

### निकलने का एक ही रास्ता था; चश्मदीद बोली- जनरेटर से चिंगारी निकली और ब्लास्ट हो गया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में सोमवार दोपहर 2:45 बजे एक निजी अस्पताल में आग लग गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 स्टाफ भी हैं। 8 की हालत गंभीर है। प्रशासन ने बताया कि तीन मंजिला न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के एंट्रेंस पर जनरेटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। हादसे के वक्त अस्पताल में 35 लोग थे इसलिए आशंका जताई जा रही थी कि मृतकों की संख्या बढ़ भी सकती है। अस्पताल प्रबंधन का कोई बयान अभी तक नहीं आया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने हादसे पर दुख जताया और मृतक के परिजनों को 5-5 लाख मुआवजा देने का ऐलान किया है। बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर पर ज्यादा लोगों की मौत हुई है, क्योंकि ज्यादातर लोग वहीं फंसे थे। घायलों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि आग लगने के बाद मरीजों को बचाने के दौरान कुछ लोग अंदर गए जो बाहर नहीं निकल सके। लपटें इतनी तेज थीं कि कमरे में फंसे लोगों को बाहर निकालना बेहद मुश्किल हो गया। कुछ लोगों को खिड़की और दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला गया। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए और गंभीर घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की मदद की घोषणा की है।

### आज से 4 बड़े बदलाव हुएः आईटीआर फाइल करने के लिए देनी होगी लेट फीस, कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 36 रुपए हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** आज से नया अगस्त महीना शुरू हो चुका है। नया महीना अपने साथ कई बदलाव लेकर आया है। इनका सीधा असर आपकी पॉकेट और जिंदगी पर पड़ेगा। आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है, वहीं अब आईटीआर फाइल करने के लिए 5 हजार रुपए लेट फीस चुकानी होगी। हम आपको ऐसे 4 बदलावों के बारे में बता रहे हैं जिनका असर आप पर पड़ेगा।

#### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ सस्ता

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 36 रुपए की कटौती की गई है। दिल्ली में 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 2012.50 रुपए से घटकर 1976.50 रुपए हो गई है। वहीं, कोलकाता में पहले यह 2132.00 रुपए में मिलता था, लेकिन एक अगस्त से 2095.50 रुपए में मिल रहा है। मुंबई में आज से कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत घटकर 1936.50 और चेन्नई में 2141 रुपए हो गई है। घरेलू एलपी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ हैं। 14.2 किलो वाला सिलेंडर 6 जुलाई के रेट पर ही मिल रहा है। दिल्ली में ये 1053 रुपए, मुंबई में 1053 रुपए, कोलकाता में 1079 रुपए और चेन्नई में 1068.50 रुपए का मिल रहा है।

## लंपी का राजस्थान में कहर, 2100 गौवंश की मौत

### पाकिस्तान से आई बीमारी की चपेट में जोधपुर सहित 10 जिलों के पशु

**जयपुर।**

पाकिस्तान के रास्ते भारत आई खतरनाक और वायरल बीमारी लंपी से राजस्थान में गौवंश की मौतों का आंकड़ा 2100 हो गया है। जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर सहित 10 जिलों में यह संक्रामक बीमारी कहर बरपा रही है। 40 हजार से ज्यादा गौवंश इसकी चपेट में आ चुके हैं। 90 प्रतिशत गायें इस बीमारी का शिकार होकर दम तोड़ रही हैं। बैल, सांड, भैसों में भी यह बीमारी फैल रही है। केवल लक्षणों के आधार पर इसका इलाज किया जा रहा है। भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी कर बकरियों को होने वाली माता से बचाव वाली 'गोट पॉक्स' वैक्सीन गौवंश को लगाने की सलाह दी है। केंद्र से साइंटिस्ट्स और पशुओं के डॉक्टर्स की टीम सोमवार को राजस्थान पहुंची है। जोधपुर और नागौर का दौरा कर हालात का जायजा लिया गया है। राजस्थान सरकार के एडिशनल डायरेक्टर, हेल्थ डॉ. एनएम सिंह ने दैनिक भास्कर को बताया कि टीम गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जालोर, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, सिरोही भी जाएगी। डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद और गुजरा बॉर्डर से सटे जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। वहां निगरानी रखी जा रही है। राजस्थान के साथ ही गुजरात में भी गाय-भैसों में लंपी डिजीज तेजी से फैल रही है। गुजरात के 14 से ज्यादा जिलों में बीमारी फैलने की जानकारी है। गुजरात भी केंद्रीय टीम भेजी गई है। राजस्थान के मेडिकल एक्सपर्ट्स को अंदेशा है कि पाकिस्तान के पंजाब, सिंध और बहावलनगर के रास्ते होकर इसकी देश में फिर से एंट्री हुई है। इस बीमारी का कोई इफेक्टिव इलाज भी मौजूद नहीं है। यह सबसे बड़ी चिन्ता की बात है।



#### 10 जिलों में फैली बीमारी, 2100 पशु मरे, 40 हजार चपेट में आए

एडिशनल डायरेक्टर, हेल्थ डॉ. एनएम सिंह ने कहा- 90 फीसदी गायों में यह बीमारी है। भैंस भी इसकी चपेट में आ रही हैं। मेडिसिन उपलब्ध करवाने के निर्देश सभी जिलों में दे दिए हैं। इमरजेंसी फंड में 1-1 लाख रुपए हर जिले को पहले ही दे दिया। अलग-अलग जिलों में डिमांड के हिसाब से अब फंड दिया जा रहा है। जैसलमेर में 5 लाख रुपए और दिए गए हैं। सभी प्रभावित जिलों में टीमें लगा दी हैं। पड़ोसी जिलों से भी टीमें भेजी जा रही हैं। नोडल अधिकारी और कलेक्टर्स लगातार मीटिंग कर रहे हैं। पशुपालन मंत्री और सचिव ने सभी जिला कलेक्टर से खुद बात की है। कलेक्टर्स को मॉनिटरिंग रखने को कहा है।

#### भारत सरकार से मांगा फंड

डॉ एनएम सिंह ने बताया आज राजस्थान आई सेंट्रल टीम ने जोधपुर और नागौर का दौरा किया है। इंडियन वेटेरनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट इज्जतनगर बरेली से साइंटिस्ट और दिल्ली से एनिमल हस्बेंडरी डिपार्टमेंट के डिप्टी कमिश्नर डॉ. सुरेंद्र पाल भी आए हैं। भारत सरकार से डिजीज कंट्रोल प्लान के तहत राजस्थान ने पैसा मांगा है। स्वास्थ्य विभाग ने प्लान बनाकर केन्द्र को भेज दिया है। 2-3 दिन में अप्रूव करने का केंद्र ने वादा किया है। इस बीमारी में फिलहाल पशुओं की डेथ रेट 2 से 3 परसेंट है। यह लोगों में नहीं फैलता है। इलाज के लिए पशुओं को एंटीबायोटिक्स के इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं। सपोर्टिंव ट्रीटमेंट भी दे रहे हैं। बॉर्डर के पास होने के कारण वायरस पाकिस्तान से फैल सकता है। इन आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। कई पशुओं का मूवमेंट रहता है। गाय-भैसों पर बैठने वाले पक्षी और मक्खियां भी बीमारी को बढ़ा रहे हैं।

# कावड़ियों से भरी पिकअप पलटी 17 घायल, एक की मृत्यु

मरुधर हिंद/नरेन्द्र शास्त्री

**अलवर।** टहला थाना क्षेत्र में हुआ हादसा जयपुर के जयसिंहपुरा खोर से नारायणी माता के कावड़ लेने जाते समय कावड़ियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। टहला थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण मीणा एवं गोलाकाबास चौकी इंचार्ज कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि जिसके चलते हादसे में एक कांवड़िये की मौत हो गई, तो वहीं, 17 कांवड़िए घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए दौसा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार जारी है बताया जा रहा है सवार सभी कावड़िए नारायणी माता के लिए जयपुर के जयसिंहपुरा खोर से रवाना हुए थे। नारायणी माता से 2 किलोमीटर पहले ही अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से भीड़ गयी। जिसके चलते कावड़िए हादसे का शिकार हो गए। हादसे में 15 वर्षीय कावड़िए मनसुख योगी की मौत हो गई। तो वहीं, 17 कावड़िए गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर कावड़ियों की चीख-पुकार मच गई, हादसा अलवर जिले के टहला थाना क्षेत्र में हुआ, जहां से एंबुलेंस के जरिए कावड़ियों को उपचार के लिए दौसा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां पर कई कावड़ियों की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल दौसा जिला चिकित्सालय के चिकित्सक घायल कावड़ियों का उपचार करने में जुटे हुए हैं। वहीं, 9 लोगों को गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया है।



# राधा स्वामी पीजी कॉलेज के प्रांगण में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

मरूधर हिन्द

**नगर। दिनेश लेखी।** कस्बे के राधा स्वामी पीजी कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय प्रांगण एवं खेल मैदान में फल एवं फूलों के पौधों के अलावा छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। जिसमें कला एवं विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक गणों ने भाग लिया। पौधों में अशोक,शीशम,कनेर,नींबू, नीम,आदि के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक केदार प्रसाद शर्मा द्वारा पर्यावरण की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा सभी को अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के रसायन विज्ञान व्याख्याता नीरज तिवारी द्वारा दी सभी को पर्यावरण शब्द बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के व्याख्याता देवेंद्र सिंह,जगबीर सिंह, लोकेश कुमार शर्मा, महेंद्रपाल आदि उपस्थित रहे।



# सोडावास व करणीकोट में भंडारे का हुआ आयोजन

मरुधर हिन्द/हवासिंह चौधरी

**मुंडावर।** उपखण्ड के सोड़ावास कस्बे व करनिकोट गांव में शिव भोले के भंडारे का आयोजन हुआ । सोडावास कस्बे में भण्डारे के आयोजक छिल्लर परिवार रहा । सोडावास में शिव भोले के भंडारे में सोडावास कस्बा व आसपास के क्षेत्र व बसस्टैंड के लोगो ने भण्डारे में पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की । कार्यक्रम में बलबीर छिल्लर जिला प्रमुख, अमित धर्मपाल चौधरी, कविता यादव ओपी मेजर , ललित यादव कांग्रेस प्रदेश सचिव, प्रदीप सहरावत, चतरभान चौधरी, सूरजभान बोहरा पूर्व सरपंच, सरजीत चौधरी सरपंच सोडावास, ईश्वर छिल्लर, अनूप छिल्लर, जितेंद छिल्लर, राजू कैलाश छिल्लर ,धौकल नाथ आश्रम के सन्त शुभनाथ महाराज, सुबेसिंह इंजीनियर,सोडावास की युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । उधर करनिकोट गांव के शिव मंदिर परिसर में भी भण्डारे में ग्रमीणो ने प्रसादी पाई ।



# राजकीय छात्रावासो में लगे संविदा कर्मचारियों के संघ ने मंत्री जूली को दिया ज्ञापन

मरूधर हिन्द

**कठूमर।दिनेश लेखी।** सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के राजकीय छात्रावासो में लगे संविदा कर्मचारी संघ ने की मंत्री टीकाराम जूली से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। संघ के सूपरिया बसेठ ने बताया कि नियमितीकरण की मांग रखी। जिसमें मंत्री जूली ने आश्वासन दिया कि जल्द होगा आपकी मांग का निस्तारण। सभी कर्मचारियों ने किया मंत्री को धन्यवाद दिया।और उसके बाद सहायक निदेशक सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग अलवर रवि कांत को ज्ञापन देकर बताया कि पीएफ कटौती व 25 पर 1 रसोइया को लगाने का दिया ज्ञापन ,सभी कर्मचारियों की संतुष्टि पूर्ण बात सुनने पर सहायक निदेशक रविकांत को धन्यवाद दिया। इस मौके पर चौकीदार , रसोईया कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुपरिया राम एवं ओमप्रकाश, विजयपाल, उदयभान, भाटी आदि कर्मचारी मौजूद रहें।



# विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की नगर बैठक आज भारत माता मंदिर पर आयोजित की गई

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की नगर बैठक आज भारत माता मंदिर बांसवाड़ा में रखी गई उक्त बैठक में जिला अध्यक्ष श्री मांगीलाल जी बुनकर, नगर अध्यक्ष श्री राजेंद्र जी आचार्य नगर महामंत्री श्री नरपत सिंह जी के सानिध्य में इस बैठक का आयोजन किया गया?।विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरुण कुमार अडीचवाल ने बताया की बैठक में रक्षाबंधन उत्सव अखंड भारत उत्सव विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस कृष्ण जन्माष्टमी पर्व आदि कार्यक्रमों की मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। विश्व हिंदू परिषद की सदस्यता अधिक से अधिक हो इस हेतु अभियान प्रारंभ किए जाने हेतु जिला अध्यक्ष द्वारा कहा गया। उक्त बैठक में विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका साक्षी दक, लाल शंकर जी नगर सुरेश नगर संयोजक, नगर संपर्क प्रमुख देवेंद्र जी भट्ट, जिला संस्कार प्रमुख शारदा देवी राजकुमार जी हारी मनोज आहारी निर्भय जी भाटी विकास राणा मुकेश जी सनी भाई नगर उपाध्यक्ष अनूप जी नायक रमेश जी भोई आदि ने उक्त बैठक में भाग लिया। ये जानकारी तरुण कुमार अडीचवाल जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद, बांसवाड़ा ने दी।



# गांव सौंखर में पानी की टंकी के पास पुराने कुआ की जमींन ढहने से बना भय का माहौल

**कठूमर ।दिनेश लेखी।** उपखण्ड की ग्राम पंचायत सौंखर में जाटव बस्ती में पानी की टंकी के समीप ही तेज बारिश के कारण कुआ ढहने से व आम रास्ते में ग्राम पंचायत द्वारा खुदवाया गया गढ्ढा आमजन के लिए मुसीबत का कारण बना हुआ है। जानकारी के अनुसार गाँव की महिलाएं पहले एक कुए से पानी भरकर लाती थीं। लेकिन कुए में पानी सूख जाने के बाद उसे पटाव कर बन्द कर दिया और उसके ठीक पास ही पानी की टंकी का निर्माण कर पनघट बना दिया गया।

वहीं वहीं बीती रात्रि को हुई बारिश के दौरान पनघट के पास का कुआ ढह गया। कुए के दोनों तरफ आवासीय मकान बने हुए हैं। जिसके बाद से ही महिलाओं व पुरुषों में भय का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया है कि दिन भर इस पानी की टंकी पर महिलाओं का पीने के पानी भरने तथा बच्चों के नहाने का तांता लगा रहता है। कुआ ढहने के बाद ही ग्रामीणों ने इस गंभीर मामले की जानकारी ग्राम सचिव, ग्राम सरपंच एवं विकास अधिकारी कठूमर को दी है। लेकिन किसी भी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी ने मौका जाकर नहीं देखा है न ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही की है।

वहीं दूसरी तरफ आम रास्ते में ग्राम पंचायत द्वारा 10 फीट गहरा गढ्ढा गत वर्ष खुदवाया गया था। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बताई गई जानकारी के अनुसार अभी तक 2 गायों के मरने की बात सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि आये दिन पशु धन की इस गढ्ढे में गिरने की समस्या बनी हुई है। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन गाँव के संग अभियान में उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर भी अवगत कराया था। लेकिन उपखण्ड प्रशासन द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण समस्या आज भी बरकरार बनी हुई है। इसी के साथ बरसात के मौसम में स्कूली छात्र छात्राओं को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन मामलों में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया है।

बारिश के मौसम में ग्रामीणों द्वारा बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही है। उक्त मामलों में विकास अधिकारी कठूमर ने कहा है कि कर्मचारियों को मौखिक तौर पर मौका देखने के लिए बोला गया है। अब लिखित में आदेश जारी किए जा रहे हैं। अगर फिर भी कोई कर्मचारी आदेशों की पालना नहीं करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।



# एन्टी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया बांसवाड़ा की बैठक

## भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरुकता अभियान चलेगा

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आम? जनता को जागरुक करना जरूरी है इसके लिए एन्टी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया बांसवाड़ा जन जाग्रति अभियान चलाया है जिसमें गांव गांव जाकर पदाधिकारियों ने आम जनता को जागृत किया और भ्रष्टाचार नहीं फैलाने का संकल्प दिलवाया। सभी संकल्प धारीयो को वृहद कार्यक्रम कर सम्मानित किया जाएगा। एन्टी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया की बैठक राउप्रावि ओझरिया बांसवाड़ा में सम्पन्न हुई राज्य निदेशक अनिल व्यास ने जिला कार्यकारिणी के प्रस्ताव की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक नरेन्द्र अरोरा एवं मुकेश सेन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य प्रभारी के आव्हान पर पुरी टीम ने सम्पूर्ण मनोयोग से भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरुकता अभियान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और गांव गांव धाढी धाढी जाकर आम जनता को संकल्प करवाया जो अत्यंत सराहनीय है। ऐसे सभी व्यक्तियों को वृहद कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। लोकेश पण्डया जिला मुख्य निदेशक बांसवाड़ा ने भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरुकता वृहद कार्यक्रम की रुपरेखा रखी मणीलाल यादव जिलाध्यक्ष ने अनुमोदन करते हुए सभी पदाधिकारीयों द्वारा सहयोग का आव्हान किया।

इसके अतिरिक्त मांगीलाल यादव, निलेश शाह, सुभाषचन्द्र पण्डया, महिपाल भुता, नानुराम डामोर, प्रवीण पटेल, सुरेश शर्मा, महिपाल भाटिया, मनिष उपाध्याय, आदि ने सम्बोधित किया। ये जानकारी निलेश शाह ने दी।



# अनुसूचित जाति और जनजाति छात्र संगठन और एनएसयूआई गठबंधन की संयुक्त बैठक

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

अनुसूचित जाति और जनजाति छात्र संगठन और एनएसयूआई गठबंधन की संयुक्त बैठक जिला शाखा विधानसभा कुशलगढ़ की बैठक मामा बालेश्वर दयाल राजकीय पीजी महाविद्यालय कुशलगढ़ में युवा नेता रोहित खड़िया के मुख्य आतिथ्य एवं कुशलगढ़ विधानसभा मुख्य प्रभारी महेश कटारा की अध्यक्षता में एवं विधानसभा प्रभारी प्रेमसिंह खड़िया के विशिष्ट अतिथि में संपन्न हुई एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को छोड़कर एसटी एससी छात्र संगठन में शामिल होने वाले पूर्व एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष मुकेश डोडियार, सुदेश रावत, दिलीप मईडा का एसटीएससी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र संगठन संबोधित करते हुए कहा कि इस एसटी एससी छात्र संगठन काफी लंबे समय से पीजी महाविद्यालय में जीत दर्ज कर लगातार चल रहा हैं समाज को मजबूत करने का आवाज दिया गया इस मौके पर इस मौके पर उपस्थित एसटी एससी के समस्त पदाधिकारी पूर्व छात्रसंघ मुख्य प्रभारी महेश कटारा युवा नेता खड़िया जनसभा प्रभारी अध्यक्ष रमण लाल मईडा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गुड्डा दामा,अनिल कटारा, पप्पू कटारा ,अंकित कलाल, प्रेमसिंह मईडा, विधानसभा अध्यक्ष सोहन देवदा, तहसील अध्यक्ष प्रकाश दामा ब्लॉक अध्यक्ष मंगलेश पटेल, पूर्व तहसील अध्यक्ष कमल कटारा, भावेश कटारा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रमेश गरसिया, संजय कटारा, युवा नेता सुशील खड़िया, राजेश कटारा, पप्पू लाल डामोर, करण खड़िया, सुमित चरपोटा, पर्वत सिंह कटाराआदि वक्ताओं ने संबोधित किया एवं जोरदार नारेबाजी के साथ रैली के रूप में कालेज प्राचार्य को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया गया संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते मांगों को नहीं माना गया तो बहुत ही बड़ा उग्र आंदोलन किया जाएगा एवं इस मौके पर कॉलेज के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे जिसमें एसटीसी छात्र संगठन का संचालन पूर्व उपाध्यक्ष पप्पू लाल कटारा ने किया व आभार व्यक्त संतोष कटारा ने किया



# शिक्षा विभाग नॉन टीएसपी कार्मिकों ने अपने गृह क्षेत्र में समायोजन की मांग रखी

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

आज कुशलगढ़ क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी कार्मिकों ने विधायक मैडम रमिला खड़िया को ज्ञापन दिया जिसमें बताया कि टीएसपी में कार्यरत नॉन टीएसपी कार्मिकों की संख्या लगभग 2500 है। अगर इन कार्मिकों का नॉन टीएसपी जिलों में समायोजन हो जाए तो यहां की बी एड बीएसटी बेरोजगारों को क्षेत्र में अधिक से अधिक नौकरियों में लाभ मिलेगा। नॉन टीएसपी कार्मिकों ने यहां से जाने के लिए सन 2014,2018 वह 2021 में विकल्प पत्र विभाग को दिए,लेकिन उन पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिससे टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी कार्मिक सरकार के इन पेंचो में फस कर ठगा महसूस कर रहा है। 15 से 25 वर्षों की सेवा देने पर सभी कार्मिक उम्मीद पाले बैठे हैं कि शिक्षक,शिक्षिकाओं का अपने जिलों में समायोजन हो जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ है जिससे सभी कार्मिक डिप्रेशन में है और कई की मानसिक स्थिति खराब हो गई। लगभग सभी जन प्रतिनिधियों द्वारा भी इनको गृह जिलों में समायोजन की अभिशन्सा की गई है। विगत उपचुनावो व कुशलगढ़ सभाओ में भी मुख्यमंत्री जी व शिक्षा मंत्री जी ने भी आश्वासन दिया है। कमलेश कुमार चौधरी ने बताया कि अब केवल 9 अगस्त को आदिवासी दिवस (मानगढ़ धाम) पर सभी कार्मिकों को घोषणा की आस बंधी हुई है। जिससे यहां पर बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिले।राजकुमार श्योराण, जितेंद्र विशु, जसवंत डेलु, ओमप्रकाश रेगर,पवन शर्मा, शिवराज चौधरी, रविंद्र शास्त्री, रामनिवास हुड्डा, पन्नालाल,श्री राम सुथार,जयपाल विश्नोई, वीरेंद्र पूर्णिया, शंकरलाल,प्रताप सैनी,पप्पू राम,गोवर्धन ज्याणी,सुरजाराम चौधरी आदि उपस्थित थे। ये जानकारी कमलेश चौधरी ने दी।



# सीआईएसएफ आठवी आरक्षित वाहिनी आमेर जयपुर में मनाया सावन तीज का त्यौहार

मरूधर हिंद/महावीर सिंह

सी आई एस एफ 8 वी आरक्षित वाहिनी आमेर जयपुर में संरक्षिका के बैनर तले सावन तीज का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें संरक्षिका अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी, श्रीमती मीनू चौधरी,श्रीमती शांति चौधरी एवं बड़ी संख्या में संरक्षिका मेंबर ने भाग लिया जिसमें झूला और डांस प्रोग्राम का आयोजन किया गया कमांडेंट श्री आशीष कुमार ने बताया सीआईएसफ आठवीं आरक्षित वाहिनी आमेर जयपुर के कमांडेंट श्री आशीष कुमार की अध्यक्षता में आज केंद्रीय विद्यालय नंबर 7 के प्रांगण में बटालियन लेवल पर क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमे क्लास 6 से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चों ने भाग लिया वाहिनी के उप कमांडेंट श्री राकेश कुमार के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ जिसमें अध्यक्ष संरक्षिका श्रीमती मीनाक्षी और सभी अधिकारियों जवानों व बड़ी संख्या में संरक्षिका मेंबर ने भाग लिया कार्यक्रम के अंत क्विज कंपटीशन में भाग लेने वाले बच्चों को वाहिनी के अधिकारीयों और संरक्षिका अध्यक्षा व उपाध्यक्षा द्वारा पुरस्कृत किया गया प्रोग्राम के आखिर में उप कमांडेंट श्री विजय कुमार ने सभी को इस प्रोग्राम में हिस्सा लेने के लिए धन्यवाद दिया

# देवस्थान विभाग द्वारा मठ मंगलेश्वर महादेव मंदिर पर रुद्र अभिषेक और पूजन कार्यक्रम संपन्न

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

देवस्थान विभाग द्वारा मठ मंगलेश्वर महादेव मंदिर पर रुद्र अभिषेक और पूजन कार्यक्रम पंडित कैलाश शास्त्री के प्रधान आचार्यत्व और सात अन्य विद्वान पंडितो द्वारा किया गया देवस्थान विभाग से श्री अमरसिंह जी मठ मंगलेश्वर के दिवाकर भारती सनातन धर्म सेवा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश अग्रवाल मंत्री हरेंद्र पाठक ट्रस्टी,इच्छाशंकर जोशी, खातराभाई ,कुशलगढ़ विधायक श्रीमती रमिला जी खड़िया,चतरसिंह कालूसिंग डांगर डूंगरा और सहयोगी धर्मेंद्र शर्मा,रमेश लबाना हेजमाल,यज्ञपाल सिंहजी ठाकुर ओसारा,कलाभाई मच्छार मगरदा आदि मौजूद रहे।



# पसोपा के ग्रामीणो व साधुओ ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, आदिबद्री व कनकांचल पर्वत को वन क्षेत्र घोषित करने के लिए जताया आभार

मरुधर हिंद आमिर खान कामां

**कामां-** ब्रज के दिव्य पर्वतों की रक्षा के लिए संत विजयदास अपने प्राणों की आहुति देने के बाद राज्य सरकार द्वारा आदिबद्री व कनकांचल पर्वत को वन क्षेत्र घोषित किए जाने पर गांव पसोपा के विकास के लिए राशि स्वीकृति किए जाने के बाद ग्रामीणों व आदि बद्री के महंत शिवराम दास गांव पसोपा स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के नवनियुक्त महंत भूरा बाबा ने मुख्यमंत्री से जयपुर में जाकर मुलाकात की और सरकार द्वारा उठाए लिए गए निर्णय के लिए आभार जताकर संतोष व्यक्त किया 7 साधु संतों व ग्रामीणों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा त्वरित निर्णय करके आदिबद्री व कनकांचल पर्वत की सभी वैध खनन गतिविधियां बंद कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। साथ ही इस भूमि को वन विभाग को हस्तातंरित कर दिया गया है। पूर्व में भी संतों की मांग पर सरकार द्वारा क्षेत्र में चल रही वैध खानों को बंद करवाया गया था तथा वर्तमान में 46 वैध खानों को बंद कराने व अन्यत्र स्थानान्तरित करने का कार्य किया जा रहा है। साधु-संतों ने बातचीत में स्वीकार किया कि यह एक जटिल प्रक्रिया है तथा उन्होंने इसे दो महीने में पूर्ण की मांग की, जिस पर सरकार ने इस समयसीमा में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। क्षेत्र के ग्रामीण जिनकी आजीविका खानों पर निर्भर थी, उनकी समझाईश करने में भी समय लगता है परन्तु फिर भी कार्य तेजी से आगे बढ़ा है।स्थानीय लोगों द्वारा जिला प्रशासन को दी गई मांगों में से डीग सीकरी मार्ग से पशुपति नाथ मंदिर तक सड़क निर्माण, दिवंगत महंत विजयदास जी के नाम से द्वार का निर्माण तथा पशुपति नाथ मंदिर पहाड़ के ऊपर हाईमास्ट लाईट लगाने की मांगें स्वीकार कर ली गई है। वहीं पशुपति नाथ मंदिर के भव्य निर्माण व बिजलीघर स्वीकृत करने पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।इस संबंध में पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने बताया कि पर्यटन एवं देवस्थान विभाग की टीमों द्वारा आदिबद्री तथा कनकांचल आदि क्षेत्रों का दौरा करके विकास के 84 कार्यों की पहचान की जा चुकी है। इनमें मुख्य रूप से आदिबद्री धाम में यात्री सुविधाओं का विकास, छतरी निर्माण, गौरी कुण्ड का जीर्णोद्धार, यात्रियों के लिए आरामगृह आदि कार्य हैं। इन कार्यों के लिए सर्वे किया जा चुका है तथा जल्द इनको पूरा करवाया जाएगा।आदिबद्री धाम के महंत शिवराम दास एवं पशुपति नाथ मंदिर के नवनियुक्त महंत भूरा बाबा ने धरना समाप्ति के तुरन्त बाद खनन क्षेत्र को वन क्षेत्र में परिवर्तित करने के आदेश पारित करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश से धरना समाप्ति के तुरन्त बाद ही प्रशासन ने पसोपा व आस-पास के क्षेत्र में सड़क एवं स्वागत द्वार के निर्माण कार्यों हेतु स्वीकृति जारी कर दी है। प्रतिनिधिमंडल ने भरतपुर के पसोपा में बृज क्षेत्र के पर्वतों की रक्षा करने के लिए तथा विभिन्न विकास कार्यों के लिए अपनी मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।



# अलवर सर्किट हाउस में मेवात विकास बोर्ड के चेयरमैन का मनाया जन्मदिन

मरूधर हिन्द

**अलवर। दिनेश लेखी।** सोमवार को सर्किट हाउस अलवर में मेवात विकास बोर्ड के चेयरमैन जुबेर खान का जन्मदिन पर साफा माला गुलदस्ता भेंट कर धूमधाम से जन्मदिन मनाया। डॉक्टर जी एस नरूका पार्षद नगर पालिका गोविंदगढ़ अलवर जिला महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी अलवर एवं प्रभारी दल जगत राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने चेयरमैन जुबेर खान का साफा माला पहनाकर गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।तथा केक काटकर हैप्पी बर्थडे टू यू किया। इस मौके पर रामगढ़ विधानसभा विधायक सफिया जुबेर खान,जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष एडवोकेट दुली चंद मीणा, संयुक्त सचिव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल मोहित जैन, जितेंद्र सिंह नरूका, विजेंद्र सिंह नरूका, गौरव सिंह मौजूद रहे। इसके बाद डॉक्टर जी एस नरूका ने गोविंदगढ़ पहुंचकर डॉ.महेंद्र कुमार चितौसिया की धर्मपत्नी सुमनलता वर्मा शिक्षा विभाग से सम्मानजनक सेवानिवृत्त होने पर मायर मैरिज होम गोविंदगढ़ में पार्षद नरूका ने साफा माला एवं मैडम सुमनलता वर्मा को गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और आशीर्वाद दिया इसके पश्चात निज निवास पार्षद भवन पर जनता की जन सुनवाई की जिसमें ज्यादातर है। बिजली समस्या पानी समस्या एवं नालियों की सफाई की समस्या को लेकर जनता के लोग मिले और अपनी समस्याएं अपने पार्षद एवं जिला महामंत्री को रखी नरूका ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को को फोन करके सभी समस्याओं का तुरंत निवारण करने के लिए कहा कुछ समस्याओं को मौके पर ही हल करवाया।



# स्वतंत्रता दिवस से पूर्व बाजार की सभी दुकानों पर लगेंगे तिरंगे, मंत्री जूली ने कहा युवा पीढ़ी को मिलेगी प्रेरणा



मरूधर हिन्द

**अलवर।दिनेश लेखी।** स्वतंत्रता गौरव उत्सव समिति की ओर से सोमवार को शहर के बाजार में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने की अपील व्यापारियों से की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने किया जगन्नाथ मंदिर से लेकर त्रिपोलिया बाजार, बजाजा बाजार आदि में रोड के दोनों और दुकानदारों को तिरंगे वितरित कर किया। यह तिरंगे व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों के बाहर लगाए गए हैं। इस दौरान मंत्री जूली ने कहा कि दुकानों पर तिरंगे लगाकर स्वतंत्रता दिवस को उत्साह पूर्वक मनाना समाज में अच्छा संदेश है। यह हमारी युवा पीढ़ी को हमेशा हमारे देश के गौरवशाली इतिहास की प्रेरणा देगा। साथ ही उन्होंने व्यापारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि हर साल व्यापारियों द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित कर देश के सैनिकों का मान बढ़ाया जाता है! उन्होंने कहा कि समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान पूरे शहर के बाजारों को तिरंगे से सजाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसके पीछे का उद्देश्य सिर्फ यही है कि हम स्वतंत्रता दिवस को उत्साह पूर्वक मनाए। उन्होंने सभी देशवासियों से अपील की कि स्वतंत्रता दिवस के दिन शाम को 7 बजे दिवाली की तरह अपने घर के बाहर दीपक जलाएं। स्वतंत्रता दिवस पर सुबह कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम में सेना व पुलिस के अधिकारी व जवान सहित आमजन और स्कूली बच्चे शामिल होंगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर विजय, प्रधान दौलतराम जाटव,वीरमति देवी, पूर्व प्रधान शिव लाल गुर्जर, पार्षद प्रीतम मेंदीरत्ता, नारायण साईवाल, जेडी आर्यन, रमेश जुनेजा, राजेश कृष्ण सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अपहृत नाबालिग बेटी की तलाश के लिए परिजन लगा रहे थाने के चक्कर

मरुधर हिंद/आमिर खान कामां

**कामां।** जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव नौनेरा निवासी एक व्यक्ति परिजनों सहित गत 15 दिन पूर्व अपनी नाबालिग भतीजी का अपहरण होने के बाद उसे दस्तयाब कराने के लिए जुरहरा थाने के चक्कर लगा कर न्याय की गुहार लगा रहा है लेकिन पुलिस है कि पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं कर रही है पीड़ित व्यक्ति कामां डीएसपी प्रदीप यादव व एसपी श्याम सिंह से भी मिलकर न्याय की गुहार लगा चुका है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिसके चलते पीड़ित परिवार मानसिक रूप से परेशान है। जुरहरा थाने में दर्ज कराए गए मामले में नाबालिग बालिका के चाचा ने बताया कि 18 जुलाई को रात्रि करीब दो बजे उसका भाई अपने परिवार सहित अपने मकान में सो रहा था रात को करीब दो बजे आरोपी गौरव पुत्र सत्तू जाट निवासी मानपुर थाना बहिन पलवल हरियाणा व पवन पुत्र खचेरा जाट निवासी नौनेरा दीवार कूदकर मेरे भाई के मकान के अंदर प्रवेश कर गए और मेन गेट खोल दिया जिससे गुलाब पुत्र शेर सिंह निवासी नोनेरा व मुंह पर साफी बांधे हुए तीन अन्य बदमाश भी मकान में अंदर आ गए आरोपी अवैध हथियारो से लैस थे आरोपी गुलाब ने मेरे भाई की कनपटी पर कट्टा लगा दिया और जान से मारने की धमकी दी गौरव मेरी नाबालिग भतीजी का जबरन अपहरण कर ले गए इसी दौरान और अन्य आरोपी कमरे मे रखी अलमारी से ढाई लाख रूपये भी निकाल कर ले गए आरोपियों ने मेरे भाई व उसकी पत्नी को कमरे में बंद कर दिया और अपहृत भतीजी को अपने वाहन में पटक कर ले गए घटना का मामला जुरहरा थाने मे दर्ज करा दिया गया था लेकिन आज तक पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया है ना ही आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जबकि दर्ज रिपोर्ट में नामजद आरोपी गांव में ही खुलेआम घूम रहे हैं7 पीड़ित ने बताया कि अपहृत बालिका को दस्तयाब कराने की मांग को लेकर वह डीएसपी व एसपी से भी मिल चुका है उन्होंने भी जुरहरा थानाधिकारी संतोष शर्मा को बालिका को दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए लेकिन फिर भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है वहीं दूसरी ओर जुरहरा थाना अधिकारी संतोष शर्मा ने बताया कि अपराध बालिका को दस्तयाब करने के लिए लगातार तलाश जारी है आरोपियों के फोन बंद आ रहे हैं जिससे उनका कोई सुराग नहीं लग पा रहा हैएक दो दिन मे ही अपहृत बालिका को दस्तयाब कर लिया जाएगा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ईकाई कुशलगढ़ की माता मगरी परिसर में बैठक

कुशलगढ़ से अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ईकाई कुशलगढ़ द्वारा माता मगरी परिसर कुशलगढ़ में जिला सहसंयोजक कान्ति लाल गरासिया के नेतृत्व में आगामी कॉलेज चुनाव को लेकर बैठक रखी गई।जिसमें जिला सहसंयोजक कान्ति लाल गरासिया ने बताया है कि अभाविप ईकाई कुशलगढ़ पूरी तैयारी के साथ महाविद्यालय में चुनाव लड़ेगी और मामा बालेश्वर दयाल राजकीय पीजी महाविद्यालय कुशलगढ़ में पूरा पैनल जिताने का संकल्प लिया अबकी बार छात्र हितों के लिए महाविद्यालय में रिक्त प्राचार्य सहित व्याख्याताओं के रिक्त पदों को भरने,छात्रवृत्ति एवम् मैदान समतलीकरण सहित महाविद्यालय की विविध समस्याओं को लेकर ब्क्क्कछात्र हितों के लिए संघर्ष करेगी और विद्यार्थियों के हित में सदैव तत्पर रहेगी। इस अवसर पर तहसील सह संयोजक प्रकाश मई डा पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष दिलीप डिंडोर बलदेव देवदा निलेश कटारा प्रकाश भाभोर अंकित निहरता कमल कटारा राकेश डामोर पूर्व छात्र संघ जीवन लाल निनामा कल्लू निनामा अरविंद कटारा महेश गणावा टिटूलाल नगर मंत्री भरत मई डा संजय विकेश भाभौर जीतमल भुरिया राजू राणा अमित रावत ईश्वर आशिक डिंडोर देवीलाल गोविन्द भूरिया सुनील बाबूलाल देवदा इलेश रवि सिंघाड कमलेश झोड़िया छात्र नेता हेमचंद्र निहरता सुभाष डिंडोर कान्ति लाल डिंडोर सहित कई विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता मौजूद थे।



## बोल अनमोल

यदि कोई अपना पूरा समय मुझमें लगाता है और मेरी शरण में आता है तो उसे अपने शरीर या आत्मा के लिए कोई भय नहीं होना चाहिए। - *साईं बाबा*

## दुराग्रह की सियासत

तमिलनाडु में शतरंज ओलंपियाड में शामिल होने को लेकर पाकिस्तान ने जिस तरह की हरकत की है, उससे हैरान होने की जरूरत इसलिए नहीं है कि उसे ऐसा करने के लिए किसी तर्क की जरूरत महसूस नहीं होती है। चूंकि पाकिस्तान को अपने ऐसे ही दुराग्रहों से भरी प्रतिक्रियाएं देने की आदत रही है, इसलिए कभी वह अपनी फितरत के मुताबिक तो कई बार बहुत सोच-समझ कर ऐसा रुख अख्तियार कर लेता है, जिसमें सामान्य नैतिकताओं का खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा जाता। दरअसल, तमिलनाडु के मामल्लपुरम में गुरुवार को शुरू हुए चौवालीसवें ओलंपियाड में इस बार ओपन वर्ग में एक सौ अठासी टीमें और महिला वर्ग में एक सौ बासठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें पाकिस्तान की टीम भी शामिल थी और इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने भारत आ भी चुकी थी। लेकिन आखिरी वक्त में पाकिस्तान ने इस ओलंपियाड से हटने की घोषणा कर दी। ऐसे फैसले के लिए उसकी ओर से कथित शिकायत यह पेश की गई कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की रिले मशाल कश्मीर से निकालने के बहाने भारत इस आयोजन का राजनीतिकरण कर रहा है। सवाल है कि भारत शतरंज ओलंपियाड के रिले मशाल को अपने संप्रभु क्षेत्र के किसी भी हिस्से से गुजरने का रास्ता बनाता है, तो इससे किसी भी अन्य देश को क्यों दिक्कत होनी चाहिए। मगर बीते कई दशकों के अनुभव के बाद पाकिस्तान के संदर्भ में अब यह प्रश्न बेमानी-सा लगने लगा है। पाकिस्तान चूंकि भारत के प्रति आमतौर पर हर समय एक खास तरह के दुराग्रह से भरा रहता है, इसलिए बेवजह के किसी बहाने भी कोई विवाद खड़ा करना उसके स्वभाव में घुल गया है। मगर इस क्रम में अब उसने यह खयाल रखना भी शायद छोड़ दिया है कि उसकी ऐसी हरकतों के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे कैसे देखा जाएगा। पाकिस्तान के शतरंज ओलंपियाड से हटने की घोषणा के बाद भारत ने तो लाजिमी तौर पर उसकी सख्त निंदा की और कहा कि वह बिना वजह के खेलों के आयोजन का राजनीतिकरण कर रहा है, मगर पाकिस्तान के फैसले के प्रति इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले अन्य देशों के भीतर कैसी राय बनी होगी, इसका भी अंदाजा लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि पाकिस्तान को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ की ओर से आमंत्रित किया गया था। यह छिपा नहीं है कि पाकिस्तान की ओर से मौके-बेमौके अंतरराष्ट्रीय पटल पर कश्मीर का सवाल उठाने के बावजूद समूची दुनिया कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा मानती है। इसमें कुछ अस्वाभाविक नहीं है, क्योंकि यही तथ्य है।

## आज के ट्वीट



भाजपा तो नहीं चलने देगी सदन को और अभी जिस तरह से एक विपक्षी नेता के साथ में अभद्रता की गई है वह ठीक नहीं है। जिस तरह से कांग्रेस अध्यक्ष के साथ में उनके साथ न्यूसेंस हुआ है तो इनकी एक इंटेंशन होगी कि दूसरे आदमी की बेज्जती करो। यह इनकी इंटेंशन है। कोई शब्द मुंह से निकल गया और उसने गलती मान ली और उसने कहा कि मैं घर जाकर उनके माफी मांग लूंगा लेकिन इस बात को बढ़ाना है वह गलत है।

**- राकेश टिकैत**



व्यापक जनहित का ध्यान रखते हुए हमने प्रदेश में वैट की दर में बढ़ोतरी अथवा अन्य कोई नया कर नहीं लगाया है। आज पेट्रोल/डीजल पर सबसे कम वैट की दर उत्तर प्रदेश में है। निकट भविष्य में भी वैट में कोई बढ़ोतरी नहीं होगा। जनता से एकत्रित राशि है जो प्रदेश के विकास में, लोककल्याणकारी कार्यों में व्यय होगा।

**- योगी आदित्यनाथ**

## आज का इतिहास

- 1914 - प्रथम विश्व युद्ध की शुरूआत, जर्मनी द्वारा रूस।
- 1995 - हब्बल दूरबीन ने शनि के एक और चन्द्रमा की खोज की।
- 2000 - ईरान में महिलाएं भी इमाम बनीं।
- 2004 - श्रीलंका ने प्रेमदासा स्टेडियम में आयोजित फाइनल मैच में भारत को 25 रनों से हराकर एशिया कप जीत लिया। सनत जयसूर्या 'मैन ऑफ द सिरीज' बने।
- 2005 - सऊदी अरब के बादशाह फहद बिन अब्दुल अजीज का निधन, दिवंगत बादशाह के भाई शाहजादा अब्दुल्ला बिन अब्दुल अजीज को देश का नया शासक नियुक्त किया गया।
- 2006 - जापान ने दुनिया की पहली भूकम्प पूर्व चेतावनी सेवा शुरू की।

## जन्मे जो आज के दिन



### भगवान दादा

भगवान दादा भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक थे। भगवान दादा अपनी प्रसिद्ध सामाजिक और हास्य फिल्म 'अलबेला' के लिए जाने जाते हैं। हिन्दी फिल्मों में नृत्य की एक विशेष शैली की शुरूआत करने वाले भगवान दादा ऐसे 'अलबेला' सितारे थे, जिनसे महानायक अमिताभ बच्चन सहित आज की पीढ़ी तक के कई कलाकार प्रभावित और प्रेरित हुए। भगवान दादा का वास्तविक नाम 'भगवान आभाजी पालव' था। भगवान दादा का जीवन और फिल्मी करियर जबरदस्त उतार चढ़ाव से भरा रहा लेकिन यह कलाकार सिनेमा के इतिहास में अपनी खास जगह रखता है। भगवान दादा को बचपन से ही फिल्मों के प्रति आकर्षण था और पढ़ाई के प्रति उन्हें विशेष रुचि नहीं थी। इस कारण उन्हें पिता के कोप का शिकार भी होना पड़ा, लेकिन धुन के पक्के दादा ने तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद हार नहीं मानी और हिंदी सिनेमा के रोमांटिक नायक की पारंपरिक छवि को नया आयाम मिला।

- 1955 - अरुण लाल, पूर्व भारतीय क्रिकेटर।
- 1939 - गोविन्द मिश्र, प्रसिद्ध साहित्यकार।
- 1932 - मीना कुमारी, फिल्म अभिनेत्री।
- 1924 - फ्रैंक वोरेल, वेस्ट इंडीज के पूर्व क्रिकेटर।

# पाइथागोरस के नाम से प्रचलित प्रमेय का असल खोजी कौन?



प्रदीप





अगर किसी भी गणित के जानकार से यह पूछ लिया जाए कि दुनिया का सबसे मशहूर समीकरण या फॉर्मूला (सूत्र) कौन-सा है, तो निश्चित रूप से उसका जवाब पाइथागोरस प्रमेय का यह सूत्र होगाः $a^2 + b^2 = c^2$। इस फॉर्मूले को खोजने का श्रेय यूनानी गणितज्ञ और दार्शनिक पाइथागोरस को दिया जाता है। हालांकि, आज विद्वानों का एक बड़ा तबका मानता है कि इस प्रमेय की खोज पाइथागोरस के जन्म से सदियों पहले हो चुकी थी। ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर यह दावा किया जाता रहा है कि इस प्रमेय की जानकारी भारत के गणितज्ञों को पाइथागोरस के पहले से ही थी।

इन दिनों यह सवाल दोबारा चर्चा के केंद्र में है कि पाइथागोरस प्रमेय का वास्तविक खोजी कौन था? हाल ही में कर्नाटक सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 को लागू करने के लिए बनाई गई एक टास्क फोर्स द्वारा जारी पोजीशन पेपर में पाइथागोरस प्रमेय को 'फेक न्यूज' यानी 'फर्जी समाचार' कहा गया है। इसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इतिहासकार और गणितज्ञ लंबे समय से यह दावा करते रहे हैं कि भारतीयों को वैदिक काल से ही 'पाइथागोरस प्रमेय' के बारे में पता था।

टास्क फोर्स के प्रमुख मदन गोपाल (पूर्व आईएएस अधिकारी) के मुताबिक, "पाइथागोरस प्रमेय की जड़ें वैदिक गणित में हैं। यह एक भारतीय केंद्रित दृष्टिकोण है। इसके बारे में गूगल और क्वॉरा पर काफी जानकारी है। उदाहरण के लिए, यह माना जाता है कि शुल्ब सूत्र के रचयिता महर्षि बौधायन ने वैदिक ग्रंथों में पाइथागोरस प्रमेय का वर्णन किया है, यह एक दृष्टिकोण है। आप इससे सहमत हो भी सकते हैं और नहीं भी।"

इससे पहले जनवरी 2015 में तत्कालीन केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भी इंडियन साइंस कांग्रेस में कहा था कि पाइथागोरस प्रमेय की खोज भारत में हुई थी लेकिन हम भारतीयों ने अपनी दरियादिली के चलते इसका श्रेय यूनानियों को लेने दिया।

पाइथागोरस प्रमेय एक समकोण त्रिभुज की तीन भुजाओं के बीच संबंध स्थापित करता है, जिसमें एक कोण 90 डिग्री का होता है। सूत्र $a^2 + b^2 = c^2$ की मदद से किसी भी समकोण त्रिभुज की दो भुजाएं ज्ञात होने पर तीसरी भुजा आसानी से मालूम की जा सकती है। आज इस प्रमेय का व्यावहारिक प्रयोग विज्ञान (विशेषकर खगोल विज्ञान), नेविगेशन, कला, इंजीनियरिंग, वास्तुकला आदि क्षेत्रों में किया जाता है।

यूनानी दार्शनिक पाइथागोरस को 570-490 ईसा पूर्व के आसपास का माना जाता है। उन्हें पाईथोगोरियनवाद नामक रहस्यवादी आंदोलन का प्रवर्तक माना जाता है। उनका मानना था कि यह दुनिया संख्यामय है और दुनिया की हर चीज को पूरी सटीकता के साथ मापा जा सकता है। पाइथागोरस को आज एक महान वैज्ञानिक, गणितज्ञ और रहस्यवादी के तौर पर जाना जाता है, लेकिन कुछ विद्वान विज्ञान और गणित के क्षेत्र में उनकी भूमिका पर सवाल उठाते हैं।

निश्चित रूप से पूरी दुनिया में पाइथागोरस की पहचान का मुख्य आधार उनके नाम से प्रचलित प्रमेय ही है। लेकिन इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं है कि पाइथागोरस प्रमेय की खोज पाइथागोरस ने ही की थी! वहीं कुछ विद्वानों का मत है कि पाइथागोरस तथा उनके शिष्यों ने $3^2 + 4^2 = 5^2$ और ऐसे ही कुछ संबंधों का प्रयोग किया था, इसलिए कहा जा सकता है कि पाइथागोरस या फिर उनके शिष्यों ने सबसे पहले इसका इस्तेमाल किया होगा।

पाइथागोरस प्रमेय का तार्किक ढांचा देने वाले यूक्लिड (300 ईसा पूर्व) ने भी इसे अपनी किताब 'द एलिमेन्ट्स' में 'पाइथागोरस प्रमेय' नहीं कहा है, उन्होंने सिर्फ इसकी उपपत्ति प्रस्तुत की है। यूक्लिड के काफी बाद प्रोक्लस लाइकियस (जन्म-412 ई.) आदि समीक्षकों ने इसे पाइथागोरस प्रमेय का नाम दिया।

वैदिक काल (1500 ई. पू. से 200 ई. पू.) के दौरान रचे गए शुल्बसूत्रों में तथाकथित पाइथागोरस का प्रमेय अपने सुविकसित स्वरूप में मिलता है। दरअसल, भारत में ज्यामिति (शुल्बशास्त्र) की उत्पत्ति स्वयं सिद्ध कथनों से नहीं हुई थी, बल्कि इसकी शुरूआत हुई थी- यज्ञ वेदियों के निर्माण में आने वाली कुछ समस्याओं को सुलझाने के प्रयासों से। शुल्बसूत्रों में यज्ञों के आयोजन के अवसर पर बनने वाली वेदियों के बारे में जानकारी है।

शुल्व या शुल्ब शब्द का अर्थ है, एक डोरी या रस्सी जिसकी मदद से मापन या नपाई का काम किया जाता है। रस्सी या डोरी की मदद से वेदी, मंडप, वैदिक चिति आदि को ज्यामितीय रूप से नापने-जोखने की जानकारी जिन ग्रंथों में दी गई है उन्हें शुल्बसूत्र के नाम से जाना जाता है। प्राचीन भारत में महर्षि बौधायन, आपस्तम्ब, कात्यायन, मैत्रायणीय, वाधुल और वाराह आदि कई शुल्बकार हुए हैं। वर्तमान में उपलब्ध सभी शुल्बसूत्रों में बौधायन का शुल्बसूत्र (8वीं सदी ई. पू.) सबसे प्राचीन माना जाता है।

यूक्लिड की किताब में पाइथागोरस का प्रमेय इस प्रकार दिया गया है, "किसी भी समकोण त्रिभुज के समकोण की सामने वाली भुजा पर बना वर्ग बाकी दो भुजाओं पर बने वर्गों के बराबर होता है"। लेकिन यह प्रमेय करीब-करीब इन्हीं शब्दों में शुल्बसूत्रों में भी दिया गया गया है। बौधायन का सूत्र (1.48) हैः

*दीर्घचतुरश्रस्याक्ष्णया रज्जुः पार्श्वमानी तिर्यग् मानी च*
*यत् पृथग् भूते कुरूतस्तदुभयं करोति॥*

अर्थात् विकर्ण पर कोई रस्सी तानी जाए तो उस पर बने वर्ग का क्षेत्रफल लंबवत भुजा पर बने वर्ग और क्षैतिज भुजा पर बने वर्ग के जोड़ के बराबर होता है।

इस प्रमेय का उल्लेख कात्यायन और आपस्तम्ब के शुल्बसूत्रों में भी करीब-करीब इन्हीं शब्दों में किया गया है। इसलिए हम कह सकते हैं कि शुल्बसूत्रों में पाइथागोरस प्रमेय अपने सुविकसित और वर्तमान स्वरूप में मिलता है। हालांकि पाइथागोरस की ही तरह शुल्बसूत्रों में भी इस प्रमेय की कोई उपपत्ति नहीं दी गई है। आगे चलकर 1150 ई. में भास्कराचार्य ने इसकी उपपत्ति दी।

प्राचीन मिस्र, बेबीलोन और चीन के विद्वानों को भी थी इस प्रमेय की जानकारी!

2000 और 1786 ईसा पूर्व के बीच लिखे गए प्राचीन मिस्र के ग्रंथ 'बर्लिन पपीरस 6619' में $3^2 + 4^2 = 5^2$ और ऐसे ही कुछ संबंधों का जिक्र मिलता है। इससे यह पता चलता है कि प्राचीन मिस्र के हार्पीडोनाप्टाइ (भू-सर्वेक्षकों) और पिरामिड बनाने वाले वास्तुकारों को इस प्रमेय के बारे में जरूर जानकारी रही होगी।

प्राचीन बेबीलोन से मिले लगभग 3700 साल पुराने, मिट्टी से बने एसआई.427 नाम के एक आलेख में ऐसी ज्यामितीय संरचनाएं देखने को मिलती हैं, जिनसे पता चलता है कि बेबीलोन के लोगों को पाइथागोरस प्रमेय की जानकारी पाइथागोरस के जन्म से एक हजार साल पहले से भी ज्यादा समय पहले रही होगी। कई इतिहासकारों का मानना है कि पाइथागोरस को भी इस प्रमेय जानकारी बेबीलोन के आलेखों से ही मिली थी।

प्राचीन चीन के एक ग्रंथ चाउ पेई सुआन चिंग (206 ई.पू.-222 ई.) से पता चलता है कि प्राचीन चीनियों को भी वर्तमान में पाइथागोरस के नाम से प्रचलित प्रमेय का ज्ञान था। प्रो. डेविड ई. स्मिथ ने अपनी किताब 'हिस्ट्री ऑफ मैथमेटिक्स' के फर्स्ट वॉल्यूम में चाउ पेई सुआन चिंग के एक हिस्से का अनुवाद इस तरह किया है- 'रेखा को तोड़ो और चौड़ाई 3, लंबाई 4 लो तो कोनों की मध्यस्थ दूरी 5 होगी।'

अब आते हैं अपने असल सवाल पर झ पाइथागोरस के नाम से प्रचलित प्रमेय का वास्तविक खोजी कौन है? भारत, मिस्र, यूनान, चीन या बेबीलोन? यह तय करना मुश्किल है, लेकिन निष्कर्ष के तौर पर यह कहा जा सकता है कि भारत सहित दुनिया की कई प्राचीन सभ्यताओं के लोगों को पाइथागोरस प्रमेय की जानकारी पाइथागोरस के जन्म के काफी पहले से थी। यह प्रमेय हमारी प्राचीन सभ्यताओं की देन है, एक वैश्विक धरोहर है। वैसे भी, इस बहस का कोई अंत नहीं है कि पाइथागोरस प्रमेय की खोज एक बार की गई थी, या कई जगहों पर कई बार की गई थी। अस्तु!

# होगी मतदाता की खास पहचान, रुकेगा फर्जी मतदान



ऋतुपर्ण दवे



भारत में फर्जी मतदान और दो जगहों पर दर्ज मतदाता लोकतंत्र के लिए शुरू से ही बड़ी चुनौती रहे हैं। लेकिन अब बहुत जल्द ही यह सब बीते दिनों की बातें होकर रह जाएंगी। निश्चित रूप से इसके लिए तकनीक का ही सहारा होगा। यह दौर दुनिया में तकनीक का है। पहचान से लेकर सुरक्षा और आम जीवन से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, धरती, पाताल, आसमान यहां तक कि बादलों के पार अंतरिक्ष के रहस्यों को खोज निकालने में तकनीक बेहद उपयोगी साबित हो रही है। हकीकत तो यह है कि तकनीक के चलते ही डिजिटल से लेकर कैशलेस और पेपरलेस होने की अवधारणा न केवल सही हुई है बल्कि काफी हद तक करोड़ों करोड़ पेड़ों को बचाकर पर्यावरण के लिए भी उपयोगी साबित हुई। ऐसे में बहुत जल्द ही वह दौर आएगा जब हरेक इंसान यहां तक कि हर किसी की चाहे वस्तु हो या इंसान या जीव, जन्तु सबकी पहचान बस कोडिंग से होगी। इसकी शुरूआत हो चुकी है और तेजी से हर रोज दुनिया भर में विस्तार हो भी रहा है। यदि सब कुछ ऐसा ही चलता रहा तो जो बचा खुचा है वह तेजी से कोडिंग या नंबरों की दुनिया में सिमट कर रह जाएगा और सबकी अपनी एक डिजिटल और यूनिवर्सल पहचान होगी। यह कल्पना भी बेजा नहीं होगी जब परिचय देने की जरूरत भी नहीं होगी, खुद ही स्कैन कर लिए जाएंगे। ऐसे में बस अब चंद बरस ही बल्कि कहें कि कुछ महीने ही शेष रह गए हैं जब भारत में फर्जी मतदाता और मतदान जो दो जगह नाम दर्ज होने या फर्जी पहचान पत्र के चलते बड़े पैमाने पर होता था और जानकर भी रोक पाना नामुमकिन था, बीते दिनों की बातें हो जाएंगी।

तैयारी कुछ इस तरह से हो रही है कि अगले आम चुनाव यानी 2024 तक सारे देश के मतदाताओं की अपनी यूनिक पहचान होगी जिससे अक्सर एक व्यक्ति के एक से ज्यादा मतदाता पहचान पत्र होने या मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर रोक लग जाएगी और सही मतदाता ही सही ठिकाने पर मतदान कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने मतदाता परिचय पत्र यानी मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने यानी लिंक करने के आदेश दे दिए हैं। इस पर 1 अगस्त से काम भी शुरू हो रहा है। जल्द ही पूरे देश में मतदाताओं को आधार के जरिए लिंक किया जाएगा। हालांकि पहले से ही आधार कार्ड को कई जरूरी दस्तावेजों से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हां, यदि उसी समय यह दूरदर्शी कदम उठा लिया जाता तो एक साथ दोनों काम हो सकते थे। इससे काफी धन व समय दोनों की बचत होती और अब तक कई चुनाव फर्जी मतदाताओं से बेदाग हो चुके होते।

इसी 25 मार्च को लोकसभा में प्रश्नकाल में सदस्यों के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी बताया था कि सरकार देश में फर्जी मतदान रोकने के लिए एक देश, एक मतदाता सूची की अवधारणा पर भी विचार कर रही है। इसके साथ ऑनलाइन मतदान प्रणाली पर भी विचार की बात कही थी। पूरे देश में फर्जी मतदान रोकने के लिए सभी राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों के लिए केवल एक ही मतदाता सूची लाने का विचार है। किरेन रिजिजू ने यह भी बताया था कि निर्वाचन आयोग से इस संबंध में बात हुई है। मतदाता सूची को आधार के साथ लिंक करने का प्रावधान रखा गया है। अभी यह स्वैच्छिक है लेकिन देर-सबेर अनिवार्य तो होना ही है। सरकार की इस पहल से फर्जी मतदान एक झटके में रुक जाएगा। हालांकि वर्तमान में भी फर्जी मतदाताओं को पकड़ने और उन्हें दण्डित किए जाने के लिए कानून में प्रावधान है लेकिन यह भी सच है कि कहीं न कहीं फर्जी मतदाताओं का उपयोग प्रभावशाली राजनीतिक दल या लोग करते थे जिस पर अंततोगत्वा ज्यादा कुछ हो नहीं पाता था।

अक्सर चुनावों के समय हर कहीं से फर्जी मतदाताओं को जोड़ने या मतदान कराने की शिकायतें हमारे देश में आम हैं। कहीं सैकड़ों की संख्या में तो कहीं हजारों की संख्या में बोगस नामों को जोड़ने के न जाने कितने मामले सुनने में आते हैं। लेकिन बावजूद तमाम चुनावी सुधारों और कवायदों के न तो फर्जी मतदाता ही रुक पा रहे थे और न फर्जी मतदान। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। पहले ग्रामीण व दूर दराज वाली जगहों पर दबंगों का कब्जा या बूथ पर लठैतों का हमला पेटी लूटकर मतदान पत्र छापने की बातें खूब होती थीं। अब ईवीएम लूटने, बटन दबाने की घटनाएं भी सामने आईं। मतदाताओं को डरा धमका कर भी मतदान कराने की बातें हुईं। लेकिन बावजूद इन सबके चुनाव सुधार से इंकार नहीं किया जा सकता। अब जब फर्जी मतदाता रोकने या एक मतदाता एक मतदान की अवधारणा को मूर्त रूप देने के लिए तकनीक का सहारा लिया जा रहा है जिससे आधार से लिंक होते ही व्यक्ति की पहचान हो जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने के बाद एक से ज्यादा मतदाता परिचय पत्र रखने वालों पर रोक लगेगी और चुनाव व्यवस्था बेहतर होगी जिससे फर्जी मतदान नहीं होगा। नए नियमों के अनुसार 1 अप्रैल 2023 या उससे पहले तक वोटर लिस्टा में जिनके भी नाम हैं, उन्हें अपना आधार नंबर बताना होगा। 1 अगस्त 2022 से प्रस्तावित नए बदलाव में फॉर्म 6बी भरकर देना होगा। यदि किसी मतदाता के पास आधार ना भी हो तो उसे लिखकर देना होगा। लेकिन यहां भी दोहरे मतदाता परिचय पत्र से बचने के लिए सरकार ने एक तरीका ढूंढ निकाला है जिसमें आधार न होने पर मतदाता परिचय पत्र को 11 दस्तावेजों में से क्रॉस चेक के जरिए जरिए प्रमाणित करवाना होगा। इससे मतदाता सूची में नाम जोड़ने और जुड़वाने वाले बीएलओ या मतदाता दोनों ही खुद-ब-खुद राडार पर आ जाएंगे। जाहिर है आधार से जुड़ते ही सब कुछ साफ हो जाएगा। निश्चित रूप से खामियों या साजिशन होने वाले फर्जी मतदान पर रोक लग जाएगी।

चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए केवल 1-2 प्रतिशत मत ही काफी होते हैं। ऐसे में इतने ही फर्जी मतदाताओं से मतदान करा जीतने वालों के अंकगणित पर पानी फिर जाएगा। इसमें अक्सर बुर्के और घूंघट पर भी मतदान के दौरान सवाल उठते रहे। अब संभव है कि मतदान के दौरान मतदाता की पहचान हाईटेक बायोमैट्रिक पद्धति से हो जिससे बोगस मतदान असंभव हो जाए और स्वचलित रूप से मतदाता की उपस्थिति का आंकड़ा ईवीएम से इतर अलग मशीन में फीड किया जाए जिससे हर वक्त मतदान का प्रतिशत पता रहे तथा मतदान दल का समय और सहूलियतें भी बढ़ेंगी। साथ ही फर्जी मतदान पर भी पूर्ण विराम लगेगा। वैसे भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली, गैस सब्सिडी, बैंक खातों, तमाम सरकारी योजनाओं में आधार अनिवार्य है तो मतदान के लिए भी इसे अनिवार्य कर फर्जी मतदाता व मतदान को तो रोका ही जा सकता है। यकीनन मतदाता को आधार से लिंक करना एक बड़ा सुधारवादी कदम होना तय है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं। संपर्क- 9302640933)

# भारत में घटी है भूख की चुनौती

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रकाशित द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड रिपोर्ट-2022 के अनुसार, जहां दुनिया में भुखमरी की चुनौती बढ़ रही है, वहीं भारत में यह कम हो रही है। वर्ष 2019 में दुनिया में 61.8 करोड़ लोगों को पर्याप्त पोषण युक्त भोजन नहीं मिलने से भुखमरी का सामना करना पड़ा। वर्ष 2021 में यह संख्या बढ़कर 76.8 करोड़ हो गयी। भारत में पिछले 15 साल में भूख से जंग में थोड़ा सुधार हुआ है। वर्ष 2004 में भारत की 24 करोड़ आबादी कुपोषित थी, 2021 में यह संख्या 22.4 करोड़ पर आ गयी।

वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के कार्यकारी निदेशक डेविड बस्ली और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बीच हाल में हुई बैठक में कृषि एवं खाद्य क्षेत्र में भारत की सराहना की गयी। डेविड बस्ली ने कहा कि भारत ने दुनिया में खाद्यान्न की सुचारु आपूर्ति करके जरूरतमंद देशों में भूख की चुनौती को कम किया है। कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से हम महामारी के संकटकाल से लगातार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज वितरित कर रहे हैं। वहीं भारत जरूरतमंद देशों को भी खाद्यान्न उपलब्ध करा रहा हैं। इस समय वैश्विक भूख संकट चिंताजनक ढंग से बढ़ रहा है। दुनिया के 45 देशों में करीब पांच करोड़ लोग अकाल के कगार पर हैं। भुखमरी की बड़ी वजह लगातार बढ़ता हुआ जलवायु संकट है। रूस-यूक्रेन युद्ध से निर्मित खाद्यान्न की भारी कमी भी बड़ा कारण है। भोजन की बर्बादी भी एक अहम कारण है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के अनुसार दुनिया में उत्पादित लगभग एक तिहाई से अधिक भोजन हर साल बरबाद होता है। वर्तमान में 23 देशों द्वारा खाद्यान्न निर्यात पर लगाये गये प्रतिबंधों के कारण खाद्यान्न संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में अब वैश्विक भुखमरी की समस्या और बढ़ेगी। बढ़ते वैश्विक भूख संकट के दौर में भारत में भूख की चुनौती में जो कुछ कमी दिख रही है, उसके लिए भारत की तीन अनुकूलताएं स्पष्ट हैं। एक, गरीबों के सशक्तीकरण की कल्याणकारी योजनाएं और गरीबी में कमी आना। दूसरा, कृषि क्षेत्र में सुधार तथा खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना और तीसरा, भूख और कुपोषण दूर करने की प्रभावी योजनाएं। जैसे-जैसे गरीबी की दर में कमी आती है, वैसे-वैसे भुखमरी में भी गिरावट आती है।

हाल ही के वर्षों में गरीबों के कल्याण और विकास का नया अध्याय लिखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में डिजिटल इंडिया वीक-2022 का शुभारंभ करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के करोड़ों लोगों को नकदी हस्तांतरण किया गया। लोगों के बैंक खातों में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर (डीबीटी) से 23 लाख करोड़ रुपये जमा कराये गये हैं। बावन मंत्रालयों की ओर से संचालित 300 सरकारी योजनाओं का लाभ डीबीटी से लाभार्थियों तक पहुंचने से गरीबों का सशक्तीकरण हो रहा है। इसी वर्ष 2022 में विश्व बैंक (वर्ल्ड बैंक) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा प्रकाशित पॉलिसी रिसर्च पेपर्स में कहा गया है कि हाल के वर्षों में भारत में गरीबी घटी है। विश्व बैंक के रिसर्च पेपर में कहा गया है कि देश में 2011 में अति गरीबी की दर 22.5 प्रतिशत थी, वह 2015 में 19.1 प्रतिशत रह गयी। साल 2019 में यह दर मात्र 10 प्रतिशत रह गयी। विश्व बैंक के रिसर्च पेपर के तहत लॉकडाउन के बाद अर्थव्यवस्था का अध्ययन शामिल नहीं है, वहीं अप्रैल 2022 में प्रकाशित आईएमएफ के रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर के प्रभावों को भी शामिल किया गया है। मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभायी है। इससे निश्चित रूप से भुखमरी में भी कमी आयी है। भारत में भूख के मोर्चे पर सुधार के पीछे पिछले सात-आठ वर्षों में कृषि विकास का बढ़ना महत्वपूर्ण कारण है। तीन वर्षों में कृषि ही ऐसा क्षेत्र रहा है, जिसमें विकास दर नहीं घटी है। जिस तरह केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा कृषि के विकास के लिए कदम उठाये जा रहे हैं, उनसे खाद्यान्न उत्पादन बढ़ रहा है। वर्ष 2021-22 के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.45 करोड़ टन रहेगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.7 लाख टन अधिक है।

देश में भूख और कुपोषण दूर करने के लिए लागू की गयी विभिन्न सरकारी योजनाएं मसलन सामुदायिक रसोई, वन नेशन, वन राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, पोषण अभियान, समग्र शिक्षा जैसी योजनाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीबी के स्तर में कमी और भुखमरी की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। देश को भुखमरी की चुनौती से बचाने के लिए अभी बहुत अधिक कारगर प्रयासों की जरूरत बनी हुई है। कृषि क्षेत्र में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के अधिक प्रयास जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र की 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड रिपोर्ट-2022' के मद्देनजर, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा देश के करोड़ों लोगों को भूख की चुनौती से बाहर लाने के लिए रणनीतिक कदम आगे बढ़ाये जाएंगे। भारत द्वारा अधिक कृषि उत्पादन और अधिक कृषि निर्यात से भुखमरी से प्रभावित दुनिया के करोड़ों लोगों की भूख की पीड़ाओं को कम करने में अहम भूमिका निभायी जायेगी।



डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## चित्रकूट के घाट से

# सूझ जुआरिहि आपन दाऊ



श्री वशिष्ठ के हृदय में विचित्र द्वन्द्व है। एक ओर उनका विवेक उन्हें भावुकता के प्रवाह में बहने से रोकता है, वन जाने देने के पक्ष में निर्णय देता है, तो दूसरी ओर हृदय भरत का अनुगामी हो चुका है, बुद्धि भी भरत-प्रेम के समक्ष पराजित है। ऐसी जटिल परिस्थिति में उन्हें दोंनों का निर्वाह करना है। अतः वे अपनी सारी कठिनाई प्रभु से व्यक्त कर देते हैं। सुनहु राम सरबज्ञ सुजाना। धरम नीति गुन ज्ञान निधाना। दो.-सब के उर अन्तर बसहु जानहु भाउ कुभाउ। पुरजन जननी भरत हिय होइ सो कहिअ उपाउ। आरत कहहिं बिचारि न काऊ। सूझ जुआरिहि आपन दाऊ।। महर्षि ने अपने संक्षिप्त भाषण में सांकेतिक रीति से सारी स्थिति व्यक्त कर दी। भगवान की सर्वज्ञता का वर्णन करना एक ही अर्थ रखता है कि आप मेरी कठिनाई और भरत से हुआ वार्तालाप अच्छी तरह समझ सकते हैं? अतः पुरजनों, माताओं और भरत का हित जिसमें हो, वह उपाय कीजिए। सम्भव है प्रभु पूछें कि जिनके हित की बात आप कहते हैं, वे भी तो बुद्धिमान हैं। वे स्वयं निर्णय क्यों नहीं करते? तो इस प्रश्न का उत्तर महर्षि पहले ही दे देते हैं कि 'आर्त विचारशील नहीं होते, जुआरी को सदा अपना ही दांव सूझता है?' इस प्रकार महर्षि बड़ी बुद्धिमानी से अपने को लांछन मुक्त रखते हुए भी संकेत कर देते हैं। स्वयं कोई निर्णय न करके प्रभु पर यह भार छोड़, वे स्वतंत्र होने की चेष्टा करते हैं। दूसरा कारण है लीला बिहारी की कौतुक-प्रियता-सर्वज्ञता की ओर संकेत करने पर भी वे माधुर्य में ही रहना चाहते हैं। उन्हें आश्चर्य होता है कि सदा स्पष्ट निर्णय देने वाले महर्षि आज मुझ पर यह भार क्यों छोड़ रहे हैं? वह कौन-शक्ति है, जिसने मुनिराज को भी संकोच में डाल दिया है? स्पष्ट अर्थों में कहें, तो इसका भाव यह कि अपने लाड़ले भरत की गुण-गाथा सुनना चाहते हैं। किन्तु व्यक्त रूप में उनका स्वरूप गुरूभक्ति ही है।

**- पूज्यपाद पं. रामकिंकरजी महाराज**

## हरियाली तीज महोत्सव की रही धूम

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर नगर पालिका क्षेत्र में हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तीज महोत्सव में बानसूर नगर पालिका चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा भी तीज महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। मत्स्य स्कूल डायरेक्टर अंजू मीणा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें प्रथम स्थान पर आने पर महिलाओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा निशा शर्मा ने बताया कि तीज महोत्सव के कार्यक्रम पर मनोरंजन ही नहीं बल्कि महिलाओं की प्रतिभाओं को भी निखारा गया है। वही बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं की ओर से डांस, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम स्थान आने पर महिलाओं को सर्टिफिकेट व उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। तीज महोत्सव के आयोजन पर महिलाओं बच्चों ने झूले का आनंद लिया। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



## पहाड़ी में हुआ कपड़ों के शोरूम का उद्घाटन

मरुधर हिंद/आमिर खान कामां

पहाड़ी- पहाड़ी कस्बे की बरखेड़ीया मार्केट में आज कपड़े के शोरूम का उद्घाटन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक शमशुल हसन व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान रविंद्र जैन पहुंचे जहां पूर्व विधायक शमशुल हसन द्वारा शोरूम का फीता काटकर शुभारंभ किया गया



शौकत खान सबलाना ने बताया पहाड़ी कस्बे की बरखोडिया मार्केट में आज ब्रांडेड कपड़ों के शोरूम का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक शमशुल हसन व वशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रधान रविंद्र जैन पहुंचे जहां शमशुल हसन द्वारा फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया गया साथ ही इस मौके पर पूर्व प्रधान रविंद्र जैन,जमसी सरपंच कठोल ताहिर हुसैन सरपंच, धीमरी आरिफ खान धीमरी,कमाल खान धीमरी मुजाहिद कठोल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नीमराना औद्योगिक क्षेत्र की मुख्य सड़क मार्ग पर जल भराव की स्थिति



नीमराना

रीको औधौगिक क्षेत्र में कस्बा से हाइवे व पुलिस थाना की ओर जा रहे मुख्य सड़क मार्ग पर बारिश के कारण लिबर्टी चौक समीप सड़क मार्ग पर नालों की साफ सफाई के अभाव में बरसाती पानी निकल पाने से नालों से ओवर फ्लो होकर भरे पानी से सड़क से आमजन,उधोगो में काम करने वाले मजदूरों तथा छोटे बड़े वाहन चालकों को यंहा से आवागमन के समय गुजरते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जल भराव के कारण बीच सड़क पर गहरे गहरे गड्ढे भी पड़ गए है जो बरसाती पानी भरा होने से नजर नही आते जिससे दुर्घटनाओ का भी अंदेशा बना हुआ। सड़क पर बारिश होने से यंहा कीचड़ युक्त जल भरा है जिससे से यह मार्ग काफी दूर तक जलमग्न है।यंहा से गुजरते समय आमजन मजदूरों खासकर महिला मजदूरों सहित छोटे बड़े सभी तरह के वाहन चालकों को गुजरते वक्त काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लोगो ने बताया कि समस्या से रीको व प्रशासनिक अधिकारी सब वाकिफ है लेकिन समस्या ध्यान में होते हुए भी यंहा जल निकासी की व्यवस्था और कचरा गंदगी से अटे पड़े रीको नालों की साफ सफाई पर कोई ध्यान नही दिया जारहा है जिसका खमियाजा लोगो को भुगतना पड़ रहा है।लोगो की मांग है रीको व प्रसासनिक उच्च अधिकारी क्षेत्र में उत्पन्न हुई इस जटिल समस्या पर ध्यान देकर यंहा से जल निकासी करवाए ताकि आम लोगो व वाहन चालकों को राहत मिले सके। मामले को लेकर रीको बीड़ा से लगातार मामले को लेकर संपर्क में हैं इधर नीमराना कस्बे से गंदा पानी आ रहा है वही आगे हाईवे पर पानी की निकासी बंद हो गई है जिसको लेकर ही जल्द ही समस्या का समाधान कर आमजन को राहत दी जायेगी।

## गाजे बाजे के साथ रामदेवरा के लिए पदयात्रा रवाना

मरूधर हिन्द/प्रकाश भागनानी/अराई (बोराडा)

बोराडा ग्राम पंचायत के गांव देवरिया से बाबा रामदेव की रामदेवरा के 27 वी पदयात्रा गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। जानकारी के अनुसार देवरिया से भागचन्द प्रजापति के नेतृत्व में आज 27 वी पदयात्रा गाजे बाजे के साथ रवाना हुई इस दौरान जय बाबा की के जयकारो के साथ पदयात्रा बोराडा, डबरेला, 12 मील, नसीराबाद होते हुए जायेगी। इस दौरान भागचंद गुर्जर ओंकार सिंह गोविंद सिंह जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे इसी प्रकार क्षेत्र के , बंथली, रिंगनोट, बरोल, आदि गांवों से भी रामदेवरा के लिए गाजे बाजे के साथ पदयात्रा झंडे के साथ रवाना हुई जिसमें पद यात्रियों ने जय बाबा की, एक दो तीन चार बाबा तेरी जय जय कार के जयकारो के साथ पदयात्रा शुरू हुई। अलग अलग गांवों से जाने वाली पदयात्रा का नसीराबाद तक अलग अलग मार्ग रहेगा जबकि नसीराबाद के बाद एक ही मार्ग से क्षेत्र के जत्थे पदयात्रा करेंगे



### गांवों में खुलने लगे भण्डारे –

क्षेत्र में जगह जगह और गांव गांव में पद यात्रियों की सेवा के लिए भण्डारे खोले जा रहे हैं जिसमें क्षेत्र सहित दूर दराज से आने वाले पद यात्रियों के भोजन व चाय नाश्ते सहित आवासीय व्यवस्था है। गांवों के लोग भक्तों और पद यात्रियों की सेवा कर रहे हैं जिससे पैदल यात्रियों की सेवा कर पुण्य कमाया जा रहा है।

# लोगों को संवैधानिक प्रावधानों के बारे में सरल शब्दों में समझाएंः प्रधान न्यायाधीश रमण

रायपुर। (एजेंसी)।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण ने रविवार को कहा कि कोई संवैधानिक गणतंत्र तभी आगे बढ़ सकता है, जब उसके नागरिक इस बात से अवगत हों कि उनके संविधान में क्या परिकल्पना की गई है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को उसके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। कानून की पढ़ाई करने वाले स्नातकों का प्रयास होना चाहिए कि वे लोगों को संवैधानिक प्रावधानों को सरल शब्दों में समझाएं। उन्होंने हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू), रायपुर के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कानून को सामाजिक परिवर्तन का एक साधन बताया और कहा कि विधि स्कूली शिक्षा को स्नातकों को सामाजिक इंजीनियरों में बदलना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि युवाओं की यह पीढ़ी दुनिया को क्रांति की ओर ले जा रही है। चाहे जलवायु संकट हो या मानवाधिकारों का उल्लंघन वे दुनिया भर में एक एकजुट ताकत हैं। वास्तव में, तकनीकी क्रांति ने हम में से प्रत्येक को वैश्विक नागरिक बना दिया है। यह हम सभी के लिए क्रांति



में शामिल होने का समय है।

उन्होंने कानून और संविधान के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन लाने में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, दुखद वास्तविकता यह है कि आधुनिक स्वतंत्र भारत की आकांक्षाओं को परिभाषित करने वाला सर्वोच्च दस्तावेज़ कानून के छात्रों, वकीलों और भारतीय आबादी के एक बहुत छोटे हिस्से के ज्ञान तक ही सीमित है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, एक संवैधानिक गणतंत्र तभी आगे बढ़ेगा, जब उसके नागरिक इस बात से अवगत होंगे कि उनके संविधान में क्या परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि युवा अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के माध्यम से वकालत के पेशे में नए मुकाम हासिल कर रहे हैं।

इस बीच, मुख्य न्यायाधीश ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने सुना है कि उनकी सरकार राज्य में न्यायिक समुदाय की ढांचागत और बजटीय जरूरतों का पर्याप्त ध्यान रख रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी और छत्तीसगढ़ न्यायपालिका को सर्वोत्तम बुनियादी ढांचा प्रदान करने के मामले में एक आदर्श के रूप में उभरेगा। राज्य के मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आये थे।

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एस अब्दुल नज़ीर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरूप कुमार गोस्वामी भी उपस्थित थे। एचएनएलयू के जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार, बी.ए. एल.एल.बी (ऑनर्स) (2015-2020 का बैच) से 60 छात्र, बी.ए. एल.एल.बी (ऑनर्स) (2016-2021) से 147, एल.एल.एम (2019-2020) से 49 और एल.एल.एम (2020-2021) से 61 छात्रों समेत पीएचडी के चार छात्रों को डिग्री प्रदान की गयी।

## नरेंद्र मोदी कैबिनेट में फेरबदल की सुगबुगाहट

**नई दिल्ली।** भाजपा नेतृत्व द्वारा मिशन 2024 की रणनीति के तहत संगठन स्तर पर किए जा रहे तमाम बदलावों के बीच केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल व विस्तार की सुगबुगाहट भी है। संसद के मानसून सत्र के बाद इसकी संभावना जताई जा रही है। विस्तार में जद (यू) व शिवसेना के बागी गुट को जगह मिल सकती है। सरकार में अभी सहयोगी दलों से एक भी कैबिनेट मंत्री नहीं है। केवल रिपब्लिकन पार्टी से रामदास आठवले राज्यमंत्री हैं। बीते दिनों राज्यसभा कार्यकाल पूरा होने और फिर से चुन कर न आने से जदयू के आरसीपी सिंह व भाजपा के मुख्तार अब्बास नकवी ने इस्तीफा दे दिया था। यह दोनों पद अभी रिक्त हैं। इनमें इस्पात मंत्रालय ज्योतिरादित्य सिंधिया व अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय स्मृति ईरानी को दिया गया है। आरसीपी सिंह के इस्तीफे के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में भाजपा के सहयोगी दलों से एक भी कैबिनेट मंत्री नहीं है। इस बीच, शिवसेना के बागी गुट के भाजपा के साथ आने और महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद उसे भी केंद्र में जगह दिए जाने की संभावना है। इससे उद्धव ठाकरे को एक और झटका देने के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वाले गुट का असली शिवसेना का दावा और मजबूत किया जा सकेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल में अभी प्रधानमंत्री समेत 29 कैबिनेट मंत्री हैं। दो स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्रियों के साथ 47 राज्यमंत्री हैं। राज्य मंत्रियों में दो स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह व राव इंद्रजीत सिंह भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, मंत्रिपरिषद में छोटा फेरबदल किया जा सकता है, जिसमें अधिकतम एक दर्जन मंत्री शामिल या प्रभावित होंगे।

# बिहार ग्राम संसद में बोले जेपी नड्डा पंचायतों को मजबूती देने के लिए पांच गुना पैसा बढ़ाया गया

नई दिल्ली (एजेंसी)।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि अंत्योदय की परिकल्पना पहली बार धरती पर उतारने का काम भाजपा की सरकार ने किया है। नानाजी देशमुख ने ग्रामोदय का विषय उठाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचायतों को मजबूती देने का काम किया है। उन्होंने अंत्योदय को सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयास में परिणत किया। मोदी सरकार ने पंचायतों का पैसा पांच गुना बढ़ा दिया है। वह यहां एक होटल में आयोजित कार्यक्रम 'बिहार ग्राम संसद' को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने नानाजी देशमुख द्वारा चित्रकूट के गांवों के विकास और स्वावलंबन के लिए किये गये कार्यों को नजीर बताते हुए सभा में मौजूद मुखियों से एकबार वहां जाकर देखने का आग्रह किया। कहा कि ग्राम स्वराज की कल्पना महात्मा गांधी ने की। उसे वैचारिक पृष्ठभूमि पर अमलीजामा पहनाया भारतीय जनसंघ और भाजपा ने दिया है। कांग्रेस ने कभी को-ऑपरेटिव फार्मिंग की बात की, कभी कलेक्टिव फार्मिंग की, लेकिन किसान, गांव, गरीब की अंर्तआत्मा को पहचाने की उनकी सतही सोच रह गयी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार की देर रात बिहार सरकार के भाजपा कोटे के मंत्रियों संग बैठक की। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय, उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद व रेणु देवी, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल भी बैठक में शामिल रहे। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिहार सरकार के अपने मंत्रियों से फीडबैक लिया। सरकार के कामकाज को लेकर उनकी राय जानी। उनके महकमे में विकास कार्यों की स्थिति के अलावा केन्द्र सरकार की योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति भी जानी। बैठक में दो मंत्रियों सुभाष सिंह व श्रीनारायण प्रसाद को छोड़कर भाजपा कोटे के सभी 14 मंत्री मौजूद रहे। इनमें मंगल पांडेय, शाहनवाज हुसैन, नितिन नवीन, डॉ. आलोक रंजन झा, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, जीवेश कुमार, सम्राट चौधरी, नीरज बब्लू, रामप्रीत पासवान, प्रमोद कुमार, जनक राम और रामसूरत राय शामिल रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंत्रियों संग रात्रि भोजन भी किया। इसके बाद बिहार भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ भी उन्होंने बैठक की।



## भारत में मिला मंकीपॉक्स का स्ट्रेन यूरोप में फैले स्ट्रेन जैसा नहीं

नयी दिल्ली।(एजेंसी)।

देश के दक्षिण राज्य केरल में मंकीपॉक्स के दो मरीजों में मिला स्ट्रेन यूरोप में फैले वायरस के स्ट्रेन जैसा नहीं है। सीएसआईआर के इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी सीएसआईआर-आईजीआईबी के वैज्ञानिकों ने ये दावा जीनोम सिक्वेंसिंग की रिपोर्ट आने के बाद किया है। रिपोर्ट के अनुसार केरल में मिले मंकीपॉक्स के मरीजों में ए.2 स्ट्रेन की पुष्टि हुई है। आईजीआईबी के जीनोम सिक्वेंसिंग वैज्ञानिक विनोद स्कैरिया ने बताया है कि देश में मंकीपॉक्स के चार मामले सामने आए हैं। केरल में मिले दो मरीजों के सैंपल की जीनोम सिक्वेंसिंग की गई है। इसमें दोनों ही मरीजों में ए.2 स्ट्रेन की पुष्टि हुई है। वहीं यूरोपीय देशों में बी.1 वेरिएंट का प्रकोप ज्यादा है। मंकीपॉक्स का ए.2 स्ट्रेन अधिकतर अमेरिका और थाईलैंड में फैला है लेकिन ये सुपर स्प्रेडर या बड़े क्लस्टर के रूप में सामने नहीं आया है। यूरोपीय देशों में बी.1 स्ट्रेन का दायरा व्यापक है, हालांकि अभी ये स्पष्ट नहीं है कि वायरस का ये रूप कितना घातक और संक्रामक है। वैज्ञानिक स्कैरिया के अनुसार दुनियाभर में ए.2 स्ट्रेन के बहुत कम मामले सामने आए हैं। हालांकि जो भी मरीज सामने आए हैं उनमें से अधिकतर मरीज मध्य पूर्व या पश्चिम अफ्रीकी देशों से लौटे हैं। वे बताते हैं कि वर्ष 2021 में वायरस का प्रकोप अमेरिका में धीरे-धीरे प्रसार कर रहा था जब यूरोप में इसका प्रकोप चरम पर था। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी की निदेशक डॉक्टर प्रिया अब्राहम का कहना है कि सभी वायरस समय के साथ अपने भीतर बदलाव करते हैं। डरने की जरूरत नहीं है। एकसाथ मंकीपॉक्स के दो आउटब्रेक हुए हैं।

## समग्र शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से तैयार की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति : शाह

चंडीगढ़ (एजेंसी)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार शाम को कहा कि छात्रों को समग्र और बहु-विषयक शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 का मसौदा तैयार किया गया है। उन्होंने छात्रों से कामयाब बनने के लिए कठिन परिश्रम करने को कहा और साथ ही उन्हें समाज की भलाई के लिए काम करने को प्रेरित भी किया। चंडीगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर आए शाह ने शनिवार शाम मौली जागरण में सरकारी मॉडल हाई स्कूल की नवनिर्मित इमारत का उद्घाटन किया।

उन्होंने सरकारी मॉडल हाई स्कूल, सेक्टर 12 और सरकारी मॉडल हाई स्कूल, किशनगढ़ की इमारतों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। शाह ने एक सभा में कहा, ÷एनईपी-2020 का मसौदा बहुत बारीकी से तैयार किया गया है। यह व्यक्तिगत विकास और छात्रों की क्षमताओं को विकसित करने पर केंद्रित है, ताकि वे अपने जीवन में उत्कृष्ट काम कर सकें।÷ उन्होंने कहा कि कामयाब बनने के लिए कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। कार्यक्रम में कई शिक्षकों की मौजूदगी का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि पहले शिक्षकों को गुरु कहा जाता था और उनसे बच्चों के भविष्य को आकार देने में यही भूमिका निभाने का अनुरोध किया। गृह मंत्री ने कहा, ''ज्ञान हमारे जीवन को सुगंधित कर देता है।'' उन्होंने छात्रों से कड़ी मेहनत करने का अनुरोध किया, ताकि जब वे बड़े हों तो राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकें। शाह ने छात्रों से केंद्र सरकार के 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के तहत 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

## महंगाई के मुद्दे पर डिफेंसिव होने की बजाय आक्रामक अंदाज में बैटिंग करने की तैयारी में सरकार

नयी दिल्ली।(एजेंसी)।

संसद का मानसून सत्र शनिवार रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को फिर शुरू होगा और कांग्रेस समेत देश के तमाम विरोधी दल बढ़ रही महंगाई को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधेंगे। संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन यानी 18 जुलाई से विपक्ष लगातार संसद के दोनों सदनों में खाद्य पदार्थों पर लगाए गए जीएसटी और महंगाई के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा कर रहा है। 28 और 29 जुलाई की कार्यवाही को छोड़ दिया जाए (इन दोनों दिन अधीर रंजन चौधरी के बयान पर दोनों सदनों में हंगामा हुआ था) तो लगातार आठ दिनों तक संसद में महंगाई और जीएसटी को लेकर ही हंगामा होता रहा।

दरअसल, विपक्षी दलों को यह लग रहा है कि वो महंगाई और खाद्य पदार्थों पर लगाए गए जीएसटी पर चर्चा करा कर, सदन के जरिए सरकार को जनता के बीच बेनकाब कर सकती है लेकिन सरकार इस मुद्दें पर डिफेंसिव होने की बजाय आक्रामक अंदाज में बैटिंग करने की तैयारी कर रही है। विपक्षी दलों के नेता अपने सवालों की लिस्ट के साथ सरकार पर हावी होने की तैयारी कर रहे हैं तो वहीं भाजपा और सरकार के मंत्री महंगाई और खाद्य पदार्थों पर लगाए गए जीएसटी को लेकर विपक्षी दलों से ही सवाल पूछने की तैयारी कर रहे हैं।

सरकार के एक बड़े मंत्री ने बताया कि महंगाई और खाद्य पदार्थों पर लगाए गए जीएसटी के मुद्दे पर विपक्ष सिर्फ राजनीति कर रहा है। उनके राज्य सरकारों के मंत्री जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी लगाने के प्रस्ताव को समर्थन करते हैं और बाहर ये राजनीतिक दल विरोध करने का नाटक करते हैं। उन्होने कहा कि सदन में अगर इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो जनता के सामने विपक्ष का पदार्फाश हो जाएगा।

भाजपा के पास सवालों की एक लंबी लिस्ट तैयार है जो सदन में चर्चा के दौरान उनके सांसद और जवाब देने के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी विपक्षी दलों से पूछती नजर आएंगी। सरकार महंगाई के मुद्दे पर सबसे ज्यादा हंगामा करने वाले राजनीतिक दलों- कांग्रेस, टीएमसी, टीआरएस, डीएमके, आप और लेफ्ट से यह पूछेगी कि उनकी राज्य सरकारों ने आम जनता को महंगाई से राहत देने के लिए अब तक क्या किया? उनकी राज्य सरकारों ने एनडीए सरकारों की तर्ज पर आम जनता को महंगाई की मार से राहत देने के लिए पेट्रोल और डीजल पर वैट की दर को क्यों नहीं घटाया? खाद्य पदार्थों पर लगाए गए जीएसटी को लेकर मचे राजनीतिक बवाल पर भी सरकार विपक्षी दलों से यह पूछने की तैयारी कर रही है कि बाहर इस मसले पर हंगामा करने वाले कांग्रेस, टीएमसी, टीआरएस, डीएमके, आम आदमी पार्टी और लेफ्ट की राज्य सरकारों के मंत्रियों ने जीएसटी काउंसिल में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से कैसे पारित होने दिया? आखिर विपक्ष यह किस तरह की राजनीति कर रहा है कि जिस प्रस्ताव को उनके मंत्री सर्वसम्मति से जीएसटी काउंसिल की बैठक में पारित करते हैं, उसी प्रस्ताव पर विपक्षी दल सदन में लगातार हंगामा कर रहे हैं और सदन की कार्यवाही चलने नहीं दे रहे हैं?

यूपीए सरकार के दौरान महंगाई की दर का हवाला देते हुए सरकार सदन में चर्चा के दौरान यह पक्ष भी रखेगी कि वैश्विक संकट के बावजूद मोदी सरकार की कोशिशों की वजह से ही भारत में महंगाई की दर औसतन 4-6 प्रतिशत के बीच बनी हुई है।

## पूर्व विधायक शत्रुघ्न गौतम का बोराडा में स्वागत

मरूधर हिन्द/अराई/प्रकाश भागनानी

केकडी के पूर्व विधायक शत्रुघ्न गौतम आज निजी यात्रा के दौरान बोराडा पहुंचे जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक गौतम का माला व साफा पहना कर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार कानून व्यवस्था में पूरी तरह असफल साबित हो रही है वही गाँव और गरीब का विकास पूरी तरह से रूका हुआ है। सरकार पूरी तरह से शासन चलाने में विफल साबित हो रही है। इस दौरान पूर्व विधायक गौतम ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और आश्वासन दिया कि मेरे लायक कोई भी काम हो जरूर पूरा करने की कोशिश करूँगा । इस दौरानभाजपा नेता रामदेव बाज्या हरेंद्र चौधरी दीपक सोनी गोपाल चौधरी रामधन मिस्त्री रामदेव गुर्जर हनुमान योगी मोलसिह हर्सित सेन ओमपकाश जागिड आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे



## हर हर महादेव के जयकारो से गूंजे शिवालय

मरूधर हिन्द/अराई/प्रकाश भागनानी

**अराई।** कस्बे अराई सहित आसपास के गांवों में सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में जलधारा का आयोजन किया गया। अराई पुलिस थाना परिसर, अस्पताल परिसर आरोग्य महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी सहस्त्र धारा का आयोजन किया। पण्डितों ने रूद्राष्ठाध्यायी का पाठ किया वही भक्तों ने नमः शिवायः के जयकारो के साथ भगवान शिव का अभिषेक कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पुलिस थाने में थानाधिकारी जय सुल्तान सिंह, रामचरण यादव , कांस्टेबल विजय सिंह, सहित अन्य पुलिस कर्मियों व ग्रामीणों ने अभिषेक किया वही अस्पताल परिसर में बावड़ी के बालाजी सुंदरकांड मण्डल के संजय पोसवाल, सीताराम मेवाडा सहित अन्य लोगों ने जलधारा की। इसी प्रकार कल्याणपुरा, गोठियाना, दादिया आदि गांवों के शिवालयों में भी पुष्कर से कावड़ का जल लाकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया



## नशा हमारे समाज के लिए एक अभिशाप बन चुका है

### नशे के लिए चोरी करने वाला अभियुक्त हुआ गिरफ्तार पुलिस थाना शास्त्री नगर जयपुर ने की कार्रवाई

**मरूधर हिंद/जयपुर।** आरोपी नीतीश कुमार पुत्र रामकिशोर सिकरवार उम्र 20 साल जाति जाटव निवासी गांव कानपुरा थाना नई मंडी हिंडौन सिटी जिला करौली हाल क्वार्टर नंबर 509 आरपीए शास्त्री नगर जयपुर की पहचान कर चोरी गया सामान 60 मीटर केबल 4 लोहे की सरिया और एक ड्रिल मशीन का रूटर सहित गिरफ्तार किया अभियुक्त नशे का आदी है जो पूर्व भी कार में बैटरी चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार हो चुका है। थाना प्रभारी शास्त्री नगर दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि श्री परिस देशमुख पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर परिवादी वीरेंद्र कुमार निवासी वासुदेव पुरी झोटवाड़ा हाल पंप हाउस ऑपरेटर आरपीए ने प्रकरण दर्ज करवाया कि दिनांक 31/7/2022 को आर पी ए के पंप हाउस पर मेंटेनेंस का सामान लेने आया तो गेट का ताला और गेट खुला हुआ था लगभग 50 मीटर बोरिंग की केबल मोटर पार्ट्स डायलर आदि पंप के पास एमसीबी व डीपी बॉक्स इत्यादि गए मिले इसकी रिपोर्ट थाना शास्त्री नगर पर प्रकरण संख्या 315/2022 धारा 380 आईपीसी दिनांक 31/7/2022 पंजीबद्ध किया है । अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जयपुर उत्तर दित्य धर्मेंद्र सागर के निर्देशन में श्री महेंद्र गुप्ता सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर जयपुर के थाना प्रभारी दिलीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें हरनाथ,राधाकृष्ण, अर्जुन लाल हेड कांस्टेबल श्रवण कुमार कांस्टेबल की टीम द्वाराआरोपी नीतीश को मय सामान गिरफ्तार किया गया ।



शास्त्रीनगर थानाधिकारी दिलीप सिंह शेखवात





# राम गोपाल वर्मा ने किया रणवीर सिंह को सपोर्ट

रणवीर सिंह का लेटेस्ट फोटोशूट इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं। फैंस से लेकर सेलेब्स तक हर कोई इस पर रिएक्ट कर रहा है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में राम गोपाल वर्मा ने इस पर रिएक्ट किया है। डायरेक्टर ने कहा कि हो सकता है रणवीर का फोटोशूट जेंडर इक्वैलिटी का स्टेटमेंट हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर महिलाएं अपनी बॉडी दिखा सकती हैं, तो पुरुष क्यों नहीं ऐसा कर सकते? राम गोपाल ने कहा, 'मुझे लगता है कि जेंडर इक्वैलिटी की मांग करने का यह उनका तरीका है। अगर महिलाएं अपनी बॉडी दिखा सकती हैं, तो पुरुष ऐसा क्यों नहीं कर सकते? यह दोगली मानसिकता है कि पुरुषों को हमेशा डिफरेंट स्टैंडर्ड से जज किया जाता है। पुरुषों के पास भी महिलाओं के बराबर अधिकार होने चाहिए।' फिल्ममेकर ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि भारत फाइनली उस वक्त से आगे निकल आया है और रणवीर जेंडर इक्वैलिटी के स्टेटमेंट हैं।' बता दें, रणवीर ने पेपर मैगजीन के लिए बिना कपड़े पहने फोटोशूट करवाया था, जिसके बाद से ही वो विवादों में घिर गए हैं।



# अदनान सामी की इंस्टाग्राम में वापसी

बॉलीवुड के पॉपुलर सिंगर अदनान सामी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से सारी पोस्ट डिलीट कर इंस्टाग्राम को अलविदा कहा था, तभी से वह सुर्खियों में बने हुए हैं। अब हाल ही में उनके पोस्ट डिलीट करने के कारण का खुलासा हो गया है। सिंगर ने यह सब अपने नए गाने के प्रमोशन के लिए किया था। दरअसल, अलविदा सिंगर का एक नया गाना है जिसे वह रिलीज करने वाले हैं। इसके पहले जब उन्होंने सारी पोस्ट डिलीट की थीं, तभी से ये कयास लग रहे थे कि ये उनका नया गाना है। वहीं कुछ दिनों पहले अदनान ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन की फोटोज शेयर कर सभी को हैरान कर दिया था।




# 'लाल सिंह चड्ढ़ा' के लिए करीना कपूर को देना पड़ा था ऑडिशन

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ करीना कपूर और नागा चैतन्य नजर आने वाले हैं। इसी बीच करीना कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि उन्होंने इस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था। करीना कपूर 'लाल सिंह चड्ढा' में रूपा का किरदार निभा रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'आमिर उस तरह काम नहीं करते हैं। वो कभी ये नहीं कहते कि ये फिल्म करो क्योंकि मैं भी इसमें हूं। वो हमेशा कहते हैं कि सबसे पहले फिल्म की कहानी सुनो। उन्होंने सबसे पहले मुझसे इस फिल्म का एक नरेशन सुनने को भी कहा था। करीना ने आगे कहा, मुझे 'लाल सिंह चड्ढा' के लिए एक ऑडिशन भी देना पड़ा था। ऐसा इसलिए था ताकि मैं साबित कर सकूं कि मैं इस रोल के लिए पर्फेक्ट हूं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि, स्क्रीन टेस्ट के लिए उनके पति सैफ अली खान ने उनका हौसला बढ़ाया था। फिल्म में अपने किरदार को लेकर करीना ने कहा, फॉरेस्ट गंप के जेनी का किरदार भला कौन नहीं निभाना चाहेगा? अद्वैत और अतुल कुलकर्णी ने इसे बहुत खूबसूरती से लिखा है। जब आप रुपा के किरदार को देखते हैं, तो वो रियल में 'लाल सिंह चड्ढा' की आत्मा है। आमिर खान प्रोडक्शंस, किरण राव और वायकॉम 18 स्टूडियो द्वारा निर्मित 'लाल सिंह चड्ढा' इस रक्षाबंधन 11 अगस्त 2022 को रिलीज हो रही है। आमिर खान के अलावा इस फिल्म में करीना कपूर, मोना सिंह और चैतन्य अक्किनेनी भी हैं। यह फिल्म ऑस्कर विनर हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' का ऑफिशियल रीमेक है।

# दूसरे बच्चे की प्लानिंग कर रहे निक-प्रिंयका

प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस इस साल की शुरुआत में सरोगेसी के जरिए एक बेबी गर्ल के पेरेंट्स बने हैं। अब खबरें आ रही हैं कि कपल एक और बच्चे की तैयारी में हैं। प्रियंका और निक दोनों अपनी लाइफ में सिबलिंग्स की इम्पोर्टेंस समझते हैं, इसलिए वो चाहते हैं कि उनकी बेटी मालती मैरी को भी भाई-बहन की कमी महसूस न हो। प्रियंका और निक का मानना है कि भाई-बहन का प्यार बहुत जरूरी होता है, इसलिए वो मालती के लिए यही चाहते हैं। कपल जल्द ही दूसरे बच्चे के बारे में सोचेंगे। दूसरा बेबी भी मालती की तरह सरोगेसी के जरिए ही होगा। निक अपने बच्चों की उम्र में ज्यादा गैप नहीं चाहते हैं। साथ ही निक चाहते हैं कि उनके और उनके भाइयों केविन जोनस और जो जोनस के बच्चों में ज्यादा एज गैप न हो। जोनस ब्रदर्स अपने बच्चों को कजिन्स की तरह नहीं बल्कि सिबलिंग्स की तरह चाहते हैं। साथ ही रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि निक के पेरेंट्स भी उन्हें ज्यादा से ज्यादा बच्चे करने के लिए फोर्स कर रहे हैं।



# सनी लियोनी का सपना हुआ पूरा, अनुराग कश्यप संग करेंगी काम

बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी काफी समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। वहीं अब सनी लियोनी निर्देशक अनुराग कश्यप की फिल्म से वापसी करने जा रही हैं। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर करते हुए दी है। इस तस्वीर में अनुराग कश्यप सनी लियोनी की गोद में बैठे दिख रहे हैं। अभिनेत्री के चेहरे पर स्माइल है और अनुराग विक्ट्री का साइन दिखा रहे हैं। इस तस्वीर के साथ सनी ने एक लंबा-चौड़ा कैप्शन लिखा है। उन्होंने बताया कि उनका अनुराग कश्यप के साथ काम करने का सपना सच हो गया है। सनी लियोनी ने लिखा, हां मेरी इतनी बड़ी सी स्माइल इसलिए है क्योंकि सपने सच होते हैं! मैंने इतने सालों में भी कभी नहीं सोचा था कि अनुराग कश्यप जैसा कोई मुझे एक मौका देने का चांस लेगा। मेरी जर्नी अमेजिंग रही है, लेकिन ये बिल्कुल भी आसान नहीं थी। इतने सालों तक भारत और बॉलीवुड में रहने के बाद कुछ दिनों पहले एक फोन आया और पूछा गया कि क्या मैं अनुराग की फिल्म के लिए ऑडिशन दुंगी? सनी ने आगे लिखा, आपकी लाइफ में कुछ ऐसे पल आते हैं, जब आप सब कुछ बदल जाते हैं। यह मोमेंट मेरे दिल और दिमाग में बस गया है। इससे फर्क नहीं पड़ता कि चीजें आगे कैसे बदलती हैं, लेकिन अनुराग सर आपने मुझे एक मौका दिया और ये बात मैं कभी भुला नहीं सकती हूं। अपनी अमेजिंग फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए शुक्रिया। अनुराग कश्यप ने भी सनी और उनके पति डेनियल के साथ फोटोज शेयर की और कैप्शन में लिखा, हमारी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद सनी आप अमेजिंग थीं और आपके साथ काम करना बहुत इनक्रेडिबल था। बता दें कि सनी लियोनी ने साल 2012 में फिल्म 'जिस्म 2' से बॉलीवुड में कदम रखा था। सनी लियोनी आखिरी बार वेब सीरीज 'अनामिका' में नजर आई थीं। इस सीरीज में उनकी एक्टिंग की जमकर तारीफ हुई थी।

# 'एनिमल' के सेट से लीक हुआ रणबीर कपूर का लुक



बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'शमशेरा' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की रिलीज के बाद अब वो अपनी अगली फिल्म 'एनिमल' की शूटिंग में बिजी हो गए हैं। मेकर्स ने अभी तक उनका लुक रिवील नहीं किया है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनका लुक लीक हो गया है। इस फिल्म में रणबीर अपने क्लीन शेव वाले लुक में नजर आएंगे। फोटोज में रणबीर के साथ-साथ अनिल कपूर को भी देखा जा सकता है। इसमें दोनों एक्टर्स ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं। फिल्म के सेट की ये फोटो एक मेकअप आर्टिस्ट ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। वहीं फैंस को रणबीर को ये लुक काफी पसंद आ रहा है। फिल्म की शूटिंग इस समय गुड़गांव में सैफ अली खान के घर पटौदी हाउस में चल रही है। इससे पहले अप्रैल में फिल्म की शूटिंग मनाली में की जा रही थी, जहां से भी तस्वीरें वायरल हुई थीं।



## कनाडा के वैंकूवर में कार में बैठे अधिकारी पर हमले के बाद मुठभेड़, हमलावर घायल

**वैंकूवर।** कनाडा में वैंकूवर के हेस्टिंग्स स्ट्रीट टेंट सिटी के पास एक अधिकारी पर कथित रूप से हथियार से हमला किए जाने के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गोली मार दी और घायल कर दिया। घटना सुबह वैंकूवर के डाउनटाउन ईस्टसाइड में हुई जिसकी पुलिस ने पुष्टि की है। पुलिस की प्रवक्ता तानिया विसिंटिन ने कहा कि दो अधिकारी सुबह करीब आठ बजे ईस्ट हेस्टिंग्स और कोलंबिया स्ट्रीट के पास अपनी गश्ती कार में बैठे थे, जब एक हथियार लेकर एक व्यक्ति पुलिस कार के पास पहुंचा और कथित तौर पर एक खुली खिड़की से एक अधिकारी पर हमला कर दिया । विसिंटिन के अनुसार उस व्यक्ति का पीछा किया गया और वीपीडी अधिकारी ने गोलियां चलाईं। अधिकारी के सिर में गंभीर चोट आई और उसे इलाज के लिएअस्पताल ले जाया गया। मुठभेड़ में 53 वर्षीय संदिग्ध घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, औरल अधिकारी पर हमला करने के आरोप में उसे हिरासत में ले लिया गया । विसिंटिन ने कहा कि एक दूसरे वीपीडी अधिकारी पर बाद में एक राहगीर ने पर उस समय हमला किया, जब वह पुलिस की गोलीबारी के बाद सहायता के लिए पहुंचा।

## धरती पर गिरा चीन के रॉकेट का मलबा

### आसमान में तेज रोशनी दिखी, सोशल मीडिया पर लोग बोले- ये उल्कापिंड की बारिश जैसा है

**वाशिंगटन।** चीन का लॉन्ग मार्च 5 बी रॉकेट पृथ्वी से टकरा गया। रॉकेट पृथ्वी के एटमॉस्फियर में एंटर करते ही जल गया। लेकिन 30-31 जुलाई की दरमियानी रात रॉकेट के कुछ टुकड़े धरती पर गिरे। 25 टन का ये रॉकेट 24 जुलाई को चीन के अधूरे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन को पूरा करने के लिए एक मॉड्यूल लेकर निकला था। इसके लॉन्च होने के बाद से वैज्ञानिकों को चिंता थी कि ये रॉकेट अंतरिक्ष से धरती पर गिर सकता है।

यूएस डिफेंस डिपार्टमेंट ऑफिशियल्स ने कहा- पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना लॉन्ग मार्च 5B (CZ-5B) पृथ्वी के एटमॉस्फियर में रि-एंटर हुआ। इसका मलबा इंडियन ओशन के पास गिरा।

**सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा**

सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा थी। जैसे ही रॉकेट का मलबा गिरते हुए दिखा, लोगों ने इसके वीडियो बनाए और शेयर किए। यूजर्स ने इसे बिलकुल मीटियोर शावर (उल्कापिंड की बारिश) जैसा बताया। लोगों ने कहा कि आसमान में तेज रोशनी दिखाई दी। आकाश पूरी तरह से रेड, ब्लू और येलो लाइट्स से भर गया था। एक यूजर ने लिखा- ऐसा लग रहा था कि ब्लैक कैनवस को किसी ने रंगों से भर दिया हो। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा- ये तो ये तो मीटियोर शावर है।

**मलबा गिरने से कोई खतरा नहीं**



चीन की स्पेस एजेंसी ने बताया कि लॉन्ग मार्च 5 रॉकेट के ज्यादातर हिस्से एटमॉस्फियर (वायुमंडल) में ही जल गए। चीनी सरकार ने कहा था कि रॉकेट के धरती पर लौटने से किसी को कोई भी खतरा नहीं होगा क्योंकि इसके समुद्र में गिरने की संभावना ज्यादा है।

**रॉकेट के मलबे से कितना खतरा**

द एयरोस्पेस कॉरपोरेशन के मुताबिक, जो मलबा पृथ्वी के एटमॉस्फियर में नहीं जलता वो आबादी वाले इलाकों में गिर सकता है। लेकिन, इस मलबे से किसी को नुकसान पहुंचाने की संभावना बहुत ही कम होती है।

अमेरिका के ऑर्बिटल डॉबरीज मिटिगेशन स्टैंडर्ड प्रैक्टिसेज की 2019 में जारी हुई एक रिपोर्ट के मुताबिक, किसी रॉकेट के अनियंत्रित होकर धरती में फिर से प्रवेश करने पर किसी के हताहत होने की संभावना 10,000 में एक है।

## अमेरिका के जंगलों में लगी आग, रिहायशी इलाके करवाए गए खाली

**वाशिंगटन:** अमेरिका के पश्चिमी मोंटाना में रात करीब 2,000 एकड़ क्षेत्र में जंगलों में आग फैल गई जिसके चलते रिहायशी इलाकों को खाली करा लिया गया और सड़कों को बंद कर दिया गया। मोंटाना



राइट नाउ नामक मीडिया संस्थान के मुताबिक, फ्लैटहेड झील के पास एलमो शहर के जंगलों में आग लग गई। सीएसकेटी के अग्निशमन अधिकारी सी.टी. कैमल ने बताया कि एलमो के पास करीब तीन दर्जन घरों को खाली कराया जा रहा है। मोंटाना परिवहन विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आग के कारण हॉट स्प्रिंग्स और एलमो के बीच राजमार्ग-28 को बंद कर दिया गया। एनबीसी मोंटाना ने बताया कि आग तेजी से जंगल में फैल रही है और इसे बुझाने के लिए हवाई टैंकर तथा हेलीकॉप्टर के जरिए पानी की बौछार की जा रही है।

## एससीओ मीटिंग में बॉलीवुड सॉन्ग:उज्बेकिस्तान के बैंड ने दी परफॉर्मेंस, विदेश मंत्री जयशंकर ने शेयर किया 45 सेकेंड का वीडियो

**ताशकंद।** उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन के विदेश मंत्रियों की मीटिंग हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए। उन्होंने बैठक के समापन समारोह का एक वीडियो शेयर किया है।

45 सेकेंड लंबे इस वीडियो में उज्बेकिस्तान के कलाकार बॉलिवुड का गाना गा रहे हैं। उज्बेकिस्तान के इस बैंड ने राजकपूर की फिल्म 'संगम' का लोकप्रिय गाना 'बोल राधा बोल संगम होगा कि नहीं', गाया। वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है।

**किसी तरह का आतंकवाद बर्दाश्त नहीं**- बैठक में चीनी



विदेश मंत्री वांग यी, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की मौजूदगी में जयशंकर ने कहा- हमें आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं है। ये नीति सभी की होनी चाहिए।

**सितंबर होगा SCO शिखर सम्मेलन**

SCO के लिए सितंबर बेहद अहम होने जा रहा है। सभी 8 देशों के राष्ट्रप्रमुख उज्बेकिस्तान के समरकंद में जुटेंगे। 15 और 16 सितंबर तक यह सम्मेलन चलेगा। इस मीटिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन भी हिस्सा ले सकते हैं।

पाकिस्तान के कई जर्नलिस्ट्स दावा कर रहे हैं कि बैकडोर डिप्लोमैसी और अमेरिकी दखल के चलते इस मीटिंग में प्रधानमंत्री मोदी और शाहबाज शरीफ की मुलाकात हो सकती है। हालांकि, तस्वीर का दूसरा पहलू ये है कि पाकिस्तान में भारी सियासी उथलपुथल के बीच शरीफ की कुर्सी किसी भी वक्त जा सकती है।

## नेपाल- भूकंप के तेज झटकों से कांपा काठमांडू, बिहार के कई जिलों में भी दिखा असर

**काठमांडू ।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। यहां 5.5 तीव्रता का भूकंप आया है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि रविवार सुबह करीब 7:58 मिनट पर झटके महसूस किए गए। भूकंप इतना तेज था कि बिहार के कई जिलों



में भी इसका असर देखने को मिला है। बिहार के लोगों का कहना है कि उन्हें भी भूकंप के झटके महसूस हुए। सुबह-सुबह भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया। कई लोत तो अपने घरों से बाहर निकल सड़क पर आ गए। अभी तक भूकंप के कारण जान-माल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। नेपाल से सटे मधुबनी, समस्तीपुर, अररिया, कटिहार, सीतामढ़ी में लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए।

## पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख ने आईएमएफ ऋण जारी कराने के लिए अमेरिका से मदद मांगी

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने अपने देश को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 1.7 अरब डॉलर की अहम किश्त जल्द से जल्द जारी कराने के लिए अमेरिका से मदद मांगी है। कई सरकारी अधिकारियों के अनुसार, जनरल कमर जावेद बाजवा ने अमेरिकी उप विदेश मंत्री वेंडी शरमन के साथ इस मामले पर चर्चा की और अमेरिका से पाकिस्तान की मदद के लिए आईएमएफ में अपने प्रभाव का उपयोग करने की अपील की। सेना प्रमुख द्वारा इस तरह की अपील किया जाना दुर्लभ है। मुख्य रूप से अफगानिस्तान के मुद्दे के कारण अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों में हालिया वर्षों में तनाव पैदा हो गया है। विशेष रूप से पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण रहे। इमरान खान को अप्रैल में संसद में अविश्वास प्रस्ताव के बाद सत्ता से बाहर कर दिया गया था। बहरहाल, पाकिस्तान की सेना, जिसने अपने 75 साल के इतिहास के आधे से अधिक समय तक देश पर सीधे शासन किया है, ने अमेरिका के साथ मिलकर काम किया है और अल-कायदा के खिलाफ आतंकवाद से युद्ध में वह एक आधिकारिक सहयोगी थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि बाजवा और शरमन ने बात की थी। मंत्रालय के प्रवक्ता आसिम इफ्तिखार ने कहा, ''बातचीत हो चुकी है, लेकिन इस स्तर पर मुझे यह स्पष्ट जानकारी नहीं है कि इस दौरान क्या बात हुई।'' अधिकारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर शनिवार को एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से कहा कि चर्चा आईएमएफ ऋण पर केंद्रित थी। पाकिस्तान और आईएमएफ ने मूल रूप से 2019 में बेलआउट समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन 1.7 अरब डॉलर की किश्त पर इस साल की शुरुआत से रोक लगी है। दरअसल आईएमएफ ने खान के शासन में समझौते की शर्तों के अनुपालन को लेकर चिंता व्यक्त की थी।

## बढ़ती आस्था: अमेरिका में तेजी से बढ़ रहे मंदिर, 2006 में 53 थे, अब 750 हो गए; 5 साल में ही 200फीसदी बढ़े

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतवंशियों की बढ़ती आबादी के साथ वहां मंदिरों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क तक घंटियों की गूंज और भजन चिर-परिचित स्वर बनते जा रहे हैं। भारत के हर भाषाई और क्षेत्रीय हिंदू समूह का प्रतिनिधित्व करने वाले मंदिर पूरे अमेरिका में मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं।

कॉफी टेबल बुक 'अमेरिका में भारत रेखा' के मुताबिक, 2006 में 53 मंदिर थे। वर्ष 2017 में संख्या बढ़कर 250 हो गई। 2022 में मंदिर बढ़कर 750 हो गए। सबसे ज्यादा संख्या इन्हीं 5 सालों में बढ़ी। इस दौरान 200त मंदिर बढ़े।

**भारत से लोगों का भावनात्मक संबंध**

अमेरिका में भारतीय लोग भारत से अपने भावनात्मक संबंधों को महसूस करते हैं। मंदिरों की बढ़ती संख्या संकेत देती है कि 10 लाख से अधिक भारतीयों ने अमेरिका को अपना




घर बना लिया है। स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्व प्रसिद्ध भाषण देने के बाद 1980 में न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में वेदांत सोसायटी की स्थापना की थी। वेदांत सोसायटी ने ही अमेरिका का पहला मंदिर सैन फ्रांसिस्को में 1905 में बनवाया।

**भारत प्रेम जीवित रखने का एक तरीका यह भी**

अमेरिका का ऐसा कोई राज्य नहीं है, जहां आधा दर्जन मंदिर न हों। बढ़ते मंदिर हिंदुओं को उनके देश और संस्कृति से जोड़ रहे हैं। इंजीनियर केटी लक्ष्मी कहती हैं, यहां आकर लोग अधिक धार्मिक हो जाते हैं। यह भारत से हमारा लगाव जीवित रखने का तरीका है।

## ठीक होने के महज तीन दिन बाइडेन फिर मकोविड से संक्रमित

**वाशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित पाए गए। महज तीन दिन पहले ही कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त होने के बाद उनका पृथक-वास समाप्त हुआ था। व्हाइट हाउस ने कहा है कि एंटी वायरल दवा से इलाज के बाद बाइडेन में संक्रमण का फिर से उभरना एक दुर्लभ मामला है। व्हाइट हाउस के चिकित्सक डॉ. केविन ओ 'कोनोर ने एक पत्र में कहा कि बाइडेन में ''इस बार कोई भी लक्षण नहीं उभरे हैं और वह अच्छा महसूस कर रहे हैं।' रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बाइडेन एक बार फिर कम से कम पांच दिनों के लिए पृथक-वास में रहेंगे।

संक्रमण मुक्त होने तक वह व्हाइट हाउस में ही रहेंगे। एजेंसी ने कहा कि संक्रमण के फिर से उभरने के ज्यादातर मामलों में लक्षण हल्के रहते हैं और इस दौरान मरीजों के गंभीर रूप से बीमार पड़ने का कोई मामला सामने नहीं आया है। बाइडेन (79) के एक बार फिर संक्रमित पाए जाने की घोषणा से महज दो घंटे पहले व्हाइट हाउस ने आगामी



मंगलवार को उनके मिशिगन दौरे की जानकारी दी थी जिसमें वह घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने संबंधी विधेयक को पारित किए जाने को रेखांकित करने वाले थे। बाइडेन रविवार को अपने गृह नगर वेलिंगटन भी जाने वाले थे जहां प्रथम महिला जिल बाइडन मौजूद हैं। लेकिन अब बाइडन के संक्रमित होने के कारण ये दोनों यात्राएं रद्द कर दी गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति बीते मंगलवार और बुधवार को हुई जांच में संक्रमित नहीं पाए गए थे। इसके बाद उनका पृथक-वास समाप्त हो गया था। व्हाइट हाउस के कोविड-19 के समन्वयक डॉ. आशीष झा ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा,'' आंकड़ों से पता चलता है कि पैक्सलोविड उपचार के बाद पांच से आठ प्रतिशत लोग फिर से संक्रमित हुए।

## पाकिस्तान में पहले छह महीनों में सुरक्षाबलों पर 434 आतंकवादी हमलों में मारे गए 323 सैनिक

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान में इस साल के पहले छह महीनों में सुरक्षाबलों पर कुल 434 हमले हुए हैं जिनमें कम से कम 323 सैनिक मारे गए हैं। गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून में प्रकाशित खबर के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में पेश रिपोर्ट में कहा है कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में इस साल के शुरुआती छह महीनों में सुरक्षाबलों पर सबसे अधिक 247 हमले हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस अवधि के दौरान बलूचिस्तान में सुरक्षाबलों पर हमलों की 171 घटनाएं दर्ज की गईं जबकि सिंध में 12 और पंजाब में सुरक्षाबलों पर कम से कम एक हमला हुआ। देश की राजधानी इस्लामाबाद में भी साल के शुरुआती छह महीनों में तीन हमले सुरक्षाबलों पर हुए हैं। सुरक्षाबलों पर हुए हमलों की विस्तृत जानकारी देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इन आतंकी हमलों



में सुरक्षाबलों और अन्य संस्थानों के कम से कम 323 सैनिक मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इन हमलों में सुरक्षाबलों और अन्य संगठनों के 718 सैनिक व अधिकारी घायल हुए हैं। अखबार के अनुसार, पाकिस्तानी उलेमा का प्रतिनिधिमंडल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को पाकिस्तानी वार्ताकारों के साथ चल रही शांति वार्ता में नरम रुख अपनाने के लिए मनाने में नाकाम रहा है। शेख उल इस्लाम मुफ्ती तकी उस्मानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सी-130 विमान से सोमवार को काबुल रवाना हुआ और उसके बुधवार तक वहां रहने की संभावना है।इस दौरान प्रतिनिधिमंडल टीटीपी नेतृत्व को अपना रुख नरम करने के लिए मनाने की आखिरी कोशिश करेगा। हालांकि, टीटीपी के रुख में नरमी की बहुत कम संभावना दिख रही है।

उलेमा प्रतिनिधिमंडल में शामिल सूत्र ने अखबार को बताया कि टीटीपी नेतृत्व ने संयम के साथ उन्हें सुना, लेकिन उनकी मांगों को मानने से इनकार कर दिया। इस बीच, पाकिस्तान की सरकार टीटीपी से वार्ता कर शांति लाने की कोशिश कर रही है। समूह ने संघर्षविराम की भी घोषणा की है, लेकिन टीटीपी से छिटके अन्य गुट सुरक्षाबलों को निशाना बना रहे हैं।

## हांगकांग में चीनी राष्ट्रपति शी के भाषण की प्रशंसा के लिए करवाए गए 60 से अधिक सैमीनार

**बीजिंग।** हांगकांग में बीजिंग समर्थक संगठनों ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भाषण की प्रशंसा करने के लिए जी जान लगा दी है। उन्होंने शहर की अपनी यात्रा के दौरान शी भाषण के गुणों की प्रशंसा करने के लिए 60 से अधिक सेमिनार आयोजित किए ।मीडिया रिपोर्टों के अनुसार चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ब्रिटेन से चीन को शहर के हस्तांतरण की 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हांगकांग की अपनी यात्रा के दौरान अपने गुणों के संदर्भ में भाषण दिया था, जिसका अब प्रो-बीजिंग संगठनों द्वारा खूब प्रचार किया जा रहा है।

हालांकि, राजनीतिक टिप्पणीकार डेरेक यूएन ने कहा कि 2013 में शी के सत्ता संभालने के बाद से इस तरह की राजनीतिक सीख एक आदर्श बन चुकी है।उन्होंने कहा कि लेकिन इस महीने हांगकांग में



आयोजित दर्जनों सेमिनारों ने भाषण की सही व्याख्या नहीं की । शी जिनपिंग की उत्साहपूर्वक प्रशंसा करने के लिए आयोजित किए गए इन संगोष्ठियों और कार्यक्रमों का विषय ÷राष्ट्रपति शी जिनपिंग के महत्वपूर्ण भाषण की भावना के बारे में सीखना, बढ़ावा देना और लागू करना है। दर्शकों में सिविल सेवक, कांसुलर स्टाफ से लेकर किंडरगार्टन के छात्रों को शामिल किया गया। सरकारी प्रेस बयानों में पाया गया कि 2 जुलाई से 25 जुलाई के बीच कम से कम 61 संगोष्ठी या वार्ता हुई। इनमें से कुछ सरकार द्वारा शुरू किए गए और मुख्य कार्यकारी जॉन ली के नेतृत्व में थे, जैसे कि सिविल सेवा ब्यूरो द्वारा आयोजित चार सत्र। इन विभिन्न आयोजनों में विभिन्न रैंकों के 1,270 से अधिक सिविल सेवकों ने भाग लिया। दर्जनों अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जहां किंडरगार्टन उम्र के बच्चों और प्राथमिक विद्यार्थियों ने भी इन कार्यक्रमों में भाग लिया। राजनीतिक वैज्ञानिक इवान चॉय ने कहा कि यह सब इंगित करता है कि हांगकांग अपने सभी बीजिंग समर्थक संगठनों के साथ चीन के नक्शेकदम पर अधिक बारीकी से चल रहा है।

## मंकीपॉक्स के खतरे के बावजूद कम नहीं हुई भारतीयों की विदेश यात्रा की मांग

**कतर:** मंकीपॉक्स के वैश्विक खतरे के बावजूद भी भारतीयों की विदेश यात्रा की मांग कम होने का नाम नहीं ले रही है। हवाई यात्रा की ऊंची कीमतों के बाद भी लाखों की संख्या में भारतीय यात्री ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म पर जुटे हुए हैं और एयरलाइनों को विदेशी बुकिंग में तेजी देखने को मिल रही है। अधिकारियों और उद्योग पर नजर रखने वालों ने कहा कि भारतीय वाहक कंपनियां अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में पूर्व कोविड के समय की तरह यात्रियों की बड़ी संख्या का अनुभव कर रहे हैं। बाजार की हिस्सेदारी के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा वाहक इंडिगो मध्य पूर्व के लिए अपनी उड़ानों में दो साल से अधिक समय पहले की तुलना में बहुत अधिक सीटें भर रहा है। विस्तारा भी अपनी कुछ उड़ानों में यात्री भार घटक को 80 प्रतिशत तक बढ़ा रहा है। कतर टूरिज्म की प्रवक्ता देविका निझावन ने कहा कि अरब राष्ट्र द्वारा आयोजित फीफा विश्व कप में चार महीने से भी कम समय बचा है, जिसके लिए भारत की प्रतिक्रिया अविश्वसनीय रही है।उन्होंने कहा कि हम फीफा विश्व कप के लिए 1 मिलियन से अधिक पर्यटकों की उम्मीद कर रहे हैं, और हमें उम्मीद है कि भारत सबसे महत्वपूर्ण योगदानकर्ताओं में से एक होगा। हम गति बनाए रखने और भारतीय यात्रियों की क्षमता को पूरी तरह से अनलॉक करने के अपने प्रयासों में तेजी लाने के लिए तत्पर हैं। कतर ने 2019-2021 से दोहरे अंकों की वृद्धि के साथ भारत से आगंतुकों के आगमन में लगातार वृद्धि देखी है और भारत की रैंकिंग उच्चतम स्रोत बाजार के रूप में हुई है।

एक जानकार ने कहा कि सिंगापुर की यात्रा की मांग भी अधिक है क्योंकि दक्षिण पूर्व एशियाई देश ने प्रवेश मानदंडों में ढील दी है। इस वर्ष की पहली छमाही में सिंगापुर को मिले 1.5 मिलियन आगंतुकों में से भारतीयों ने दूसरे सबसे बड़े समूह का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 219,000 से अधिक देश का दौरा कर रहे थे। सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड में भारत मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और अफ्रीका के क्षेत्रीय निदेशक जीबी श्रीधर ने कहा कि जुलाई संख्या संतोषजनक थी और द्वीप को भारत से अच्छे आगंतुक संख्या प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि चांगी हवाई अड्डा पहले से ही भारत की पूर्व-कोविड उड़ान क्षमता के लगभग 70 प्रतिशत की बहाली देख रहा है, जिसमें 180 से अधिक साप्ताहिक सेवाएं शामिल हैं।